खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 125 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम: 09°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई पेज 2




भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 2024 में 260 सैंपल पॉजिटिव खेल टाइम्स



दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है सम्पादकीय



भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत पेज 12

# भारी हंगामे के बीच वीबी जी-राम जी विधेयक पारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम-जी (विकसित भारत जी राम जी) विधेयक 2025 पारित किया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का स्थान लेने वाले वीबी जी-राम जी विधेयक पर बुधवार मध्यरात्रि तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम कर बापू के आदर्शों को जिंदा रखने का काम किया गया है। यह गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श ग्राम की स्थापना करेगा, जिसमें लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उनकी पहुंच में होगी।



**लोकसभा में विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज बोले-चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम**

**निजी क्षेत्र के लिए खुले परमाणु ऊर्जा के दरवाजे, दोनों सदनों में पारित हुआ परमाणु ऊर्जा विधेयक**

उन्होंने कहा कि हम किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। बापू हमारी प्रेरणा और श्रद्धा हैं। पूरा देश हमारे लिए एक है। हमारे विचार संकीर्ण और संकुचित नहीं है। कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि असल मायने में मनरेगा के फंड का दुरुपयोग किया गया है। दूसरी तरफ हमारी सरकार -**शेष पृष्ठ दो पर**

## मनरेगा खत्म करने की साजिश है वीबी जी रामजी

**■ खड़गे-प्रियंका ने कहा: बिल गरीबों के खिलाफ कांग्रेस विधेयक का करेगी विरोध**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (संशोधन) विधेयक 2025' गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है, जिसका सख्त विरोध किया जाएगा।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा में 'वीबी-जी- राम-जी (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि यह बिल गरीबों के खिलाफ है। वह और उनकी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी। इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा। जैसे ही इसका बोझ राज्यों पर पड़ेगा, यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने वाले इस विधेयक का उनका गठबंधन पूरी तरह से विरोध करेगा।

## पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

**■ छह लोग घायल बरेली से कैंची धाम जा रहे थे पर्यटक**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में भवाली-अल्मोड़ा मोटर मार्ग में वीरवार को पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में तीन पर्यटकों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गुरुवार को करीब सुबह 9.30 बजे वाहन स्कॉर्पियो नंबर यूपी 25 डीजेड-4653 से बच्चे व चालक समेत कुल 9 पर्यटक इज्जतनगर बरेली से कैंची धाम को आ रहे थे कि भवाली पेट्रोल पंप से अल्मोड़ा मोटर मार्ग की ओर करीब 500 मीटर की दूरी पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मय एसडीआरएफ तथा फायर सर्विस मौके पर पहुंची बाद में प्राथमिक उपचार के लिए सभी को हायर सैंटर रेफर किया गया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें गंगा देवी (55) पत्नी भूप राम, बृजेश कुमारी पत्नी राहुल पटेल (26) निवासी ग्राम चावण पोस्ट मुड़िया थाना इज्जतनगर बरेली तथा नैंसी गंगवार (24) पुत्री जयपाल सिंह गंगवार निवासी पीलीभीत बरेली की मौत हो गई, जबकि ऋषि पटेल उर्फ -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में घना जहरीला स्मॉग, एक्यूआई 'बहुत खराब' से गंभीर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को ज्यादातर हिस्सों में जहरीले स्मॉग की घनी परते छाई रहने से दृश्यता तेजी से कम हो गई और लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिया गेट, एम्स , अक्षरधाम, आईटीओ और बारापुला फ्लाईओवर जैसी खास जगहों से मिले दृश्यों में शहर भर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से दृश्यता बहुत कम हो गई। दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब से लेकर गंभीर तक बना रहा।

### दिल्ली में सख्ती, जगह-जगह गाड़ियों की चेकिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए है। दिल्ली में गुरुवार से सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है।

### अभद्र टिप्पणी मामले में आजम दोष मुक्त

**रामपुर।** रामपुर जिले की एक अदालत ने पूर्व मंत्री मंत्री आजम खां को प्रशासनिक अधिकारियों से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दोष मुक्त करार दिया है। मामले में अभियोजन साक्ष्य साबित नहीं कर सका। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के मुकदमों की सुनवाई तेजी से चल रही है। ज्यादातर मुकदमे फैसले के करीब आ गए हैं। गुरुवार को फिर एक अन्य मुकदमे में फैसला आया।

### प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का निधन

**नोएडा।** प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। श्री राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका गुरुवार दोपहर को नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। श्री सुतार के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।

# आवारा कुत्ते मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा। अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसम्बर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिब्बल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने सिब्बल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है। सिब्बल ने जवाब दिया कि वे यह दिखाने के लिए एक वीडियो भी चलाएंगे कि क्या हो रहा था। सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि आपके माननीय न्यायाधीश ने एक आदेश पारित किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि वैधानिक नियम हैं। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 7 जनवरी को विचार करेगी। बता दें कि 7 नवम्बर को, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद आवारा कुत्तों को तुरंत निर्दिष्ट आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने यह भी कहा था कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। पीठ ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा जानवरों को हटाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि खेल परिसरों सहित संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित करने में प्रणालीगत विफलता को भी दर्शाती है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर मामले में कई निर्देश जारी किए थे।

**कहा: अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा, मानवता आखिर है क्या**



### रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसला सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों।

# घने कोहरे से उत्तर, पूर्वी भारत में उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली, चंडीगढ़, पटना और उत्तर व पूर्वी भारत के अन्य हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन प्रभावित होने के बीच कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है।

एयर इंडिया ने चेताया है कि अगले कुछ दिनों में घना कोहरा दिल्ली और कई अन्य हवाई अड्डों पर परिचालन सेवा को प्रभावित कर सकता है, जिसका संभावित प्रभाव इसके पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि आपकी यात्रा की बेहतर योजना में मदद करने के लिए, विशेष रूप से त्यौहारों के सीजन दौरान, हमारा अनुरोध है कि आप एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें। आपकी सुविधा के लिए एयर इंडिया ने कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं। हालांकि, यदि घने कोहरे के कारण अचानक उड़ानें रद्द होती हैं या अधिक देरी होती है, तो हमारे ग्राउंड स्टाफ के सहयोगी आपकी सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और वैकल्पिक व्यवस्थाएं करेंगे। एयरलाइन के 'फॉगकेयर' पहल के तहत, प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से सूचना मिलेगी और वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान बदल सकते हैं या फिर बिना किसी जुर्माने के पूरा किराया मांग सकते हैं। इंडिगो ने कहा कि उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे का पूर्वानुमान जताया गया है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है और शुरुआती घंटों के दौरान उड़ान परिचालन की गति धीमी हो सकती है। सुरक्षा के मद्देनजर, कुछ उड़ानों में देरी भी हो सकती है या बदलाव हो सकते हैं।



**■ एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें :एयरलाइंस**

### यूपी में 30 जिलों में घना कोहरा, कई फ्लाइट्स, ट्रेनें लेट, हेमकुंड में माइनस 20 डिग्री सेल्सियस पारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था। यूपी में घने कोहरे के कारण बुधवार को 7 फ्लाइट्स लेट हुईं। एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अन्य को डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। राज्य में बीते 4 दिनों में 150 से ज्यादा सड़क हादसों में 150 वाहनों की टक्कर हुई।

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में 9वीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले के आसपास हुए बम धमाके के सिलसिले में एक और प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किया गया नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के शोपियां का निवासी है। बता दें कि इस धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई थी। कई अन्य घायल हो गए थे। एनआई की ओर से जारी बयान के मुताबित, आरोपी को मामला संख्या आरसी -21/2025/ एनआईए/डीएलआई के तहत शहरी अतिक्रमण अधिनियम 1967 और बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि 10 नवम्बर को राजधानी में हुए कार बम धमाके की साजिश में यासिर की सक्रिय भूमिका थी।



**प्रयागराज : कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत एमजीएनआरईजीए का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन किया।**


# हर प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार है वायुसेना: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज ने भारत की हाई-इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई। वायुसेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह कि टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, ऑपरेशन में फुर्तीली, स्ट्रेटेजिक रूप से कॉन्फिडेंट और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फ़ोर्स है, जो लगातार बदलती ग्लोबल व्यवस्था के बीच देश के हितों की रक्षा कर रही है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने और 'स्ट्राइक' के बाद पाकिस्तान की गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया को असरदार तरीके से संभालने की हिम्मत, तेजी और सटीकता के लिए वायुसेना की तारीफ़ की। वायु रक्षा प्रणाली क्षमता में लोगों के भरोसे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर, जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं, लेकिन जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपने रोजाना के काम करते रहे।

**■ रक्षा मंत्री ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण बताया**

**■ अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताया**



# तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं

**■ दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा: पति-पत्नी को अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति-पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम (एचएमए), 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### ईओडब्ल्यू ने फर्जी नौकरी मामले में दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 2024 में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित आरोपपत्र न्यायिक फैसले के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बडगाम की अदालत में पेश किया गया। यह मामला एक लिखित शिकायत से शुरू हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के जरिहामा की रहने वाली इशरत बानो ने शिकायतकर्ता को यह कहकर कि उसका पति सरकारी उसे नौकरी दिला देगा, 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता ने यह पैसे एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। हालांकि उसे न तो कोई नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए। ईओडब्ल्यू ने शिकायत मिलने पर विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि रकम आरोपी गुलजार अहमद वानी उर्फ शाहिद, जरिहामा/ लिडरवान, कुपवाड़ा निवासी के बैंक खाते में जमा की गई थी।

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि खेल्लानी के सरसी गांव में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि डोडा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

# कश्मीर में 20 दिसम्बर से बर्फबारी का अनुमान

**श्रीनगर, वार्ता**

■ कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी

कश्मीर में मौसम विभाग ने लंबे समय से चल रहा शुष्क मौसम 20 दिसम्बर से समाप्त होने का अनुमान लगाया है। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को जम्मू- कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का 20-21 दिसम्बर को हिमपात का अनुमान कश्मीर घाटी में सर्दियों के सबसे भीषण दौर चिल्लई कलां की शुरुआत के साथ मेल खाता है। कश्मीर में नवम्बर की शुरुआत से ही लंबे समय से शुष्क मौसम है।

मौसम विभाग ने कहा कि 20-21 दिसम्बर को सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है, कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी और जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और उत्तरी एवं मध्य कश्मीर के कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। हालांकि 20 दिसम्बर की देर रात से पश्चिमी विक्षोभ के ज्यादा सक्रिय होने का अनुमान है। बारिश की तीव्रता 20 दिसम्बर की देर रात से 21 दिसम्बर के दोपहर तक चरम पर रहने की उम्मीद है। 22 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहने और छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है, जबकि 23 से 29 दिसम्बर तक आंशिक रूप से या सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। जबकि ऊंचे इलाकों में 30 और 31 दिसम्बर को हल्की बर्फबारी होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुपवाड़ा, बांदीपोरा और गांदरबल जिलों के कुछ ऊंचे इलाकों में, विशेष रूप से 21 दिसम्बर को, मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है। यात्रियों एवं चालकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम अपडेट पर नजर रखें और अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बनाएं तथा यातायात एवं प्रशासनिक निर्देशों का सख्ती से पालन करें। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही होने से और बर्फबारी होने से घाटी में लंबे समय से चल रहे शुष्क मौसम की स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद है।

# वंदे मातरम पर चर्चा कर मुद्दों से भाग रही सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है। उन्होंने कहा कि खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी। धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है। कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। बड़े-बड़े अपराधी घूम रहे हैं। कोडीन भैया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पर्यावरण को लेकर काफी चिंता है। दिल्ली का एक्यूआई क्या है। जब सब लोग सवाल उठा रहे हैं, तो बोल रहे हैं सरकारी एप पर देखिए। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर विधायको के साथ बैठक की गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के कारण भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच रद्द करना पड़ा, लेकिन सरकार के लोग दावा कर रहे हैं कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ठीक था। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार यह एक्यूआई के आंकड़े कहां से ला रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्वतंत्र एजेंसियों के आंकड़ों को नकार कर प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा से बचना चाहती है।

### फॉग नहीं बल्कि स्मांग की वजह से रद्द हुआ भारत दक्षिण अफ्रीका मैच: अखिलेश

**लखनऊ।** लखनऊ में भारत दक्षिण अफ्रीका टी20 मैच रद्द होने का परोक्ष रुप से भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्रिकेट मैच न हो पाने की वजह कोहरा नहीं बल्कि प्रदूषण था, क्योंकि भाजपा सरकार ने शुद्ध हवा के लिए बनाए गए पार्कों को बरबाद कर दिया है। यादव ने बुधवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में आयोजित होनेवाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है।

## खेती के साथ खिलवाड़ अब 'सामान्य अपराध' नहीं

# उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया है कि खेती और किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद माफिया के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है।

योगी सरकार का मानना है कि उर्वरकों की कालाबाजारी केवल आपूर्ति या प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा, किसान की आजीविका और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर अपराध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग किसानों को संकट में डालकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, वे केवल कानून नहीं तोड़ रहे, बल्कि देश और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को 'सामान्य अपराधी' मानकर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी, तो उनके खिलाफ एनएसए जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएंगी, ताकि वे लंबे समय तक समाज के लिए खतरा न बन सकें। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अब केवल नोटिस या चेतावनी देकर मामले को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा। जिला प्रशासन को अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़े, यह सरकार के लिए स्वीकार्य नहीं है।

अगर कहीं भी कालाबाजारी की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। योगी सरकार ने खाद की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरप्राइज इंस्पेक्शन का तंत्र मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अफसर भी जवाबदेह होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, दर सूची और वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या आंख मूंदने की शिकायत सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में डेली स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम लागू किया है। इसके तहत हर खाद दुकान और गोदाम को रोजाना उपलब्ध स्टॉक, बिक्री और शेष मात्रा की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि किसी भी जिले या ब्लॉक में संभावित कमी का पहले ही आकलन किया जा सकेगा। ऐसे में तकनीक का इस्तेमाल कर खाद माफिया की हर चाल पर नजर रखी जा रही है और समय रहते कार्रवाई की जा रही है।

### सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा भातखंडे विश्वविद्यालय: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्तिथ भातखंडे विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भातखंडे विश्वविद्यालय सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र रहा है और आने वाले समय में भी देश की सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में मंगलवार को शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में चर्चा करा सकती है सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ बैठक में मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है।

इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। इससे पहले शीतकालीन सत्र की रूपरेखा तय करने के लिए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी बुलाई गई। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होकर 24 दिसम्बर तक चलेगा। ,

सत्र की अवधि को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने जाते समय समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकार जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसी वजह से शीतकालीन सत्र को इतना छोटा रखा गया है। उन्होंने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से जुड़े सवालों पर विस्तार से चर्चा जरूरी है।



**सेंसेक्स** 85213.36
**निफ्टी** 26027.30



**सोना रु.** 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




**चांदी रु.** 192222
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 78 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक (0.09 प्रतिशत) टूटकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत उतरकर 25,815.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह गिरावट में खुलने का बाद संसेक्स नीचे 84,238.43 अंक और ऊपर 84,780.19 अंक तक गया। बुधवार को यह 84,559.65 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मीडिया, ऑटो, रसायन, तेल एवं गैस और फार्मा समूहों के सूचकांकों में गिरावट रही, जबकि आईटी, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक चढ़ गए। सेंसेक्स की कंपनियों में सनफार्मा का शेयर पौने तीन फीसदी के करीब टूट गया। टाटा स्टील और पावरग्रिड में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टीसीएस का शेयर लगभग दो प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा और इंफोसिस में भी डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर हरे निशान में रहे।

# बुरा समय बीच चुका है: इंडिगो सीईओ

**नई दिल्ली।** इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा कि बुरा समय बीत चुका है और 19 साल पुरानी विमान सेवा कंपनी को सिर्फ संकट के 'तीन दिन' के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

एल्बर्स ने कर्मचारियों के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कठिन समय में साथ देने के लिए कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बुरा समय अब पीछे छूट चुका है। कंपनी आज 2,200 उड़ानों का परिचालन कर रही है। यह टीमवर्क का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अब एयरलाइंस तीन बातों पर फोकस कर रही है- खुद को मजबूत बनाना, मूल कारणों का विश्लेषण और पुनर्गठन। कंपनी ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में पैदा संकट की जांच के लिए विदेशी विशेषज्ञ की नियुक्ति की है। साथ ही वह खुद भी विभिन्न स्थानों का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। वीडियो संदेश में एल्बर्स ने बताया है कि मूल कारणों की विश्लेषण और कर्मचारियों के इनपुट से इंडिगो पहले से कहीं मजबूत और बेहतरीन बनकर उभरेगी। हमने मिलकर 19 साल में जो बनाया है उसे सिर्फ तीन दिन (03-05 दिसम्बर) के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक और उसके बाद भी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं। सबसे बुरा हाल 05 दिसम्बर को रहा, जब 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। उसने इसके लिए पायलटों की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित नए नियमों और उसके अनुसार रोस्टरिग में कंपनी विफलता को मुख्य कारण बताया था।

# भारत में यूपीआई से लेन-देन में 33.5 प्रतिशत की वृद्धि: वर्ल्डलाइन इंडिया

**कोलकाता, वार्ता**

भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हो रहा है। इस बात का खुलासा वर्ल्डलाइन इंडिया ने किया है। वर्ल्डलाइन इंडिया ने गुरुवार को डेटा से भरपूर एक संक्षिप्त विवरण जारी किया, जिसमें 2025 की तीसरी तिमाही में देश के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाया गया।

इसमें यूपीआई के जरिए लेन-देन की संख्या सालाना 33.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59.33 अरब हो गई है। यह विवरण वर्ल्डलाइन की प्रमुख इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट का ही एक विस्तार है, जो इस तिमाही में पेमेंट कर्ताओं के बारे में समय पर जानकारी देता है। इस एनालिसिस में यूपीआई के लगातार दबदबे, क्यूआर आधारित व्यापार स्वीकृति में तेजी से बढ़ोतरी, कार्ड जारी करने में लगातार ग्रोथ और मेट्रो शहरों तथा उभरते भारत दोनों में डिजिटल अपनाने में गहराई को उजागर किया गया। क्यू3 2025 ने दुनिया की सबसे डायनामिक रियल टाइम पेमेंट अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत किया और कहा कि यहां हर स्कैन, टैप और क्लिक उपभोक्ताओं और कारोबारियों के व्यवहार को बदल रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूपीआई ने रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा, लेन-देन सालाना आधार पर 33.5 प्रतिशत बढ़कर 59.33 अरब हो गया और लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 74.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है। व्यक्ति से कारोबारी (पी2एम) लेन.देन व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) से आगे रहे, जो रोजमर्रा के खुदरा लेन-देन में यूपीआई के दबदबे को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार पी2एम लेन-देन 35 प्रतिशत बढ़कर 37.46 अरब हो गया और पी2पी 29 वृद्धि के साथ 21.65 अरब लेन-देन हो गया है। औसत टिकट साइज घटकर 1,262 रुपये (1,363 रुपये से) हो गया, जो रोजमर्रा के सामान, खाना, हेल्थकेयर की जरूरी चीजों और हाइपरलोकल कॉमर्स जैसे छोटे लेने-देन के लिए बढ़ते इस्तेमाल को दिखाता है। भारत में 70.90 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर हो गए हैं, जो जुलाई 2024 से 21 प्रतिशत ज्यादा हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारी हंगामे...** ने विकास कार्यों पर खर्च करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से किसानों और गरीबों का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि नरेगा को महात्मा गांधी के नाम के साथ शुरू नहीं किया गया था। उन्होंने 2009 के चुनावों से पहले वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा था। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने अपने कार्यकाल में इस पर सिर्फ 2.13 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जबकि मोदी सरकार ने 2014 से इस पर 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले इसमें भ्रष्टाचार था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार अपनी मर्जी से योजनाओं के नाम बदल देती है। इस आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने नेहरू गांधी परिवार के सदस्यों के नाम पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की सूची गिना दी और तर्क दिया कि कांग्रेस का राजनीतिक फायदे के लिए नाम जोड़ने का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर महात्मा गांधी के आदर्शों को धोखा देने का भी आरोप लगाया और कहा कि पार्टी ने भारत के बंटवारे को स्वीकार किया और आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की गांधी की बात को नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने खुद गांधीवादी सिद्धांतों को खत्म कर दिया। उधरसंसद ने गुरुवार को परमाणु ऊर्जा से जुड़े एक अहम विधेयक को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने सिविल परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता खोलने वाले श्भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो चुका है। अब मौजूदा कानून को बदलने के लिए लाए गए विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद केंद्र परमाणु ऊर्जा पर सरकार का एकाधिकार खत्म करने की ओर कदम बढ़ा देगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा 24गुणा 7 विश्वसनीय बिजली आपूर्ति का स्रोत है, जबकि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में यह निरंतरता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा तंत्र से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने विकिरण को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि अब तक आम जनता के लिए किसी भी प्रकार के विकिरण-संबंधी खतरे की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि परमाणु क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रमों की कीमत पर निजी कंपनियों को बढ़ावा देना राष्ट्रीय हित में नहीं है। उन्होंने फ्रांस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां परमाणु ऊर्जा पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में है। रमेश ने विदेशी तकनीक के बजाय भारत के स्वदेशी 700 मेगावाट के रिएक्टरों को मानक बनाने और देश के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग पर जोर दिया। वहीं, भाजपा सांसद किरण चौधरी ने बिल का समर्थन करते हुए इसे आधुनिक परमाणु कानून बताया, जो कड़े सुरक्षा मानकों के साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करेगा।

**पर्यटकों का...** यूवी (7) पुत्र राहुल पटेल, स्वाति (20) पत्नी भूप राम, अक्षय (20) पुत्र ओमेंद्र, राहुल पटेल (35) पुत्र भूप राम निवासीगण चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली, करन (25) पुत्र जितेंद्र निवासी गुजरात तथा ज्योति (25) पत्नी करन निवासी गुजरात घायल हो गए। घाटना किस वजह से हुई इसका अभी स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा: गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वालों को अब पुलिस से पूछताछ या अन्य किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को चिकित्सीय सहायता देने या अस्पताल पहुंचाने वालों को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी और वे किसी तरह के कानूनी पचड़े में भी नहीं पड़ेंगे। घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने बताया कि घायलों के अस्पताल पहुंचने पर तुरंत उनका इलाज शुरू हो सके, इसके लिए अस्पतालों को तत्काल डेढ़ लाख रुपये तुरंत प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में प्रति वर्ष पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें अधिक युवा अधिक होते हैं। उन्होंने कहा कि इन दुर्घटनाओं में घायल होने वालों को यदि तत्काल चिकित्सीय मदद पहुंचाई जाए, तो 50 हजार लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सांसदों से अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता अभियान चलाने की अपील की और उनसे सुझाव भी मांगे। केन्द्रीय मंत्री ने अध्यक्ष ओम बिरला से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में विचार-विमर्श करने के लिए सदन में चर्चा कराने की भी मांग की और कहा कि इससे देश भर के सांसदों के सुझाव लेकर बेहतर उपाय निकाले जा सकेंगे। बिरला ने इस पर सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की मदद से लोगों खासकर युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करें। उन्होंने कहा कि वह अगले सत्र में इस गंभीर समस्या पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की कोशिश करेंगे और उनका मानना है कि सबके सुझावों-विचारों से अच्छे परिणाम सामने आ सकेंगे।

### टोल टैक्स भुगतान प्रणाली का किया जा रहा है सरलीकरण: गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि नई नीति में टोल टैक्स उसी स्थान से लगेगा, जहां से कोई वाहन सड़क पर प्रवेश करेगा। गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि नई नीति में अब किसी वाहन को सड़क पर प्रवेश करने वाले स्थान से ही अगले नाके पर टोल टैक्स देना होगा। यदि कोई वाहन 15 किलोमीटर चलने के बाद ही किसी टोल नाके पर पहुंच जाता है, तो उसे इतनी ही दूरी का टोल टैक्स देना होगा।

उन्होंने बताया कि नई नीति के प्रावधानों के अनुसार 15 रुपये में भी एक टोल नाके को पार किया जा सकेगा। अब ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वाहनों को टोल नाकों पर कतार नहीं लगानी पड़े और गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से भी टोल नाके पार कर सकेंगी। उनके वाहन की नंबर प्लेट और फास्ट टैग को नाके पर रिकॉर्ड करने के बाद टैक्स स्वत: कट जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा के प्रश्न के उत्तर में बताया कि हरियाणा में 12 वर्षों में सबसे ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, इसीलिए वहां सबसे ज्यादा टोल नाके हैं। हरियाणा और पंजाब में यातायात सघनता भी सबसे ज्यादा है। जहां ज्यादा नई सड़कें बनेंगी, वहां टोल नाके भी अधिक होंगे। गडकरी ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत का कार्य कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 703 प्रस्तावित है और व्यवहार्यता रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

# बाल-बाल बची छात्राओं की जान

## ट्रक से टकराई मुजफ्फरनगर के कॉलेज की बस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सौभाग्य से आज सुबह बड़ा हादसा होने से टल गया। फिर भी कई छात्राएं घायल हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुजफ्फरनगर स्थित बीआईटी कॉलेज की बस आज सुबह बिजनौर आ रही थी। बस में कॉलेज की छात्राएं सवार थी। वह कॉलेज की बस से प्रशिक्षण के लिए बिजनौर के जिला अस्पताल आ रही थी।

इस बीच गंगा का पुल पार करने के बाद बैराज मार्ग पर कॉलेज की बस सामने चल रहे ट्रक के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा दिए जाने की वजह से उससे टकरा गई। दुर्घटना होते ही बस में सवार छात्राओं में चीख-पुकार मच गई। कई छात्राओं के खून निकल आया। हालांकि बस ज्यादा तेज रफ्तार में नहीं थी। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। छात्रा संध्या, रूचिका, गीतांशु, प्रज्ञा, तनीषा, सरल आदि को जिला मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घायल छात्राओं ने बताया कि वह प्रशिक्षण के लिए कॉलेज से जिला अस्पताल जा रही थी। सभी छात्राएं बीएससी नर्सिंग और जीएनएम की छात्राएं थीं। जिला अस्पताल के डॉक्टर यागवेंद्र सिंह ने बताया कि किसी भी छात्रा को गंभीर चोट नहीं है।

गौरतलब है कि बैराज मार्ग पर आयदिन हादसे होते रहते हैं। मार्ग पर अचानक गौवंश आ जाने की वजह से सबसे ज्यादा हादसे होते है। चालक ट्रकों व बसों को काफी तेज रफ्तार से चलाते है। जिसकी वजह से अन्य वाहन चालकों को परेशानी होती है। बैराज मार्ग पर होने वाले ज्यादातर हादसों में जानें चली जाती है।



# डॉ. अर्सलान अंसारी बने अन्नदाता किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** अन्नदाता किसान यूनियन ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए डॉ. अर्सलान अंसारी को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही एलान किया कि अब किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

मौहल्ला सराय मीर में अन्नदाता किसान यूनियन के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी के आवास पर आयोजित एक बैठक में डॉ. अर्सलान अंसारी को नगर अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर आलमगीर उस्मानी ने संगठन को मजबूत कर किसानों के हक की लड़ाई लड़ने की बात करते हुए आगामी 8, 9 व 10 जनवरी को प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

### अधिक से अधिक संख्या में प्रयागराज पहुंचने की अपील

# नीतीश की गंदी हरकत महिला समाज का अपमान : राशिद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं झालू नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गंदी हरकत कर सम्पूर्ण महिला समाज का अपमान किया है। उन्हें पूरे देश की महिलाओं से खुले दिल के साथ माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री की कुर्सी की गरीमा भी खत्म करके रख दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पर्दानशीं महिला का हिजाफ खींचे जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही उनकी चारों तरफ आलोचना हो रही है। वह महिलाओं के बीच खलनायक बन गए है। सभ्य समाज उनकी इस हरकत को पसंद नहीं करता है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व झालू नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन राशिद हुसैन को भी उनकी यह हरकत पसंद नहीं आई है। उनका कहना है कि देश में सभी समाज की संस्कारवान महिलाएं अपना सिर ढकती है और दूसरे पुरुषों से पर्दा करती हैं। कोई हिजाब पहनती है और कोई घूंघट निकालती है। यही हमारी संस्कृति की ऐसी पहचान है, जो विदेशी संस्कृति से हमें अलग दिखाती है। हमारे समाज में महिलाओं का काफी सम्मान है और बहू-बेटियों की इज्जत करना सिखाया जाता है। लेकिन सार्वजकिन रूप से बिहार के मुख्यमंत्री ने जो हरकत की है, उसे किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जा सकता है। ऐसा लगता है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश का अब मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। इसकी जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो शरारती व साम्प्रदायिक तत्व उनकी इस हरकत का समर्थन कर रहे है, वह भी अपने संस्कार दिखा रहे है। वह महिला विरोधी है। उन्होंने कहा कि सभी को बहन-बेटियों का सम्मान व सुरक्षा करनी चाहिए।

### बुरे काम का समर्थन करने वाले दिखा रहे अपने संस्कार

# हर 70 साल पार बुजुर्ग को मिलेगा आयुष्मान कार्ड

## लक्ष्य के सापेक्ष ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विशेष कैंपों का करें आयोजन : डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट सभागार जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए की जिले में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएं और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में विशेष कैंपों का आयोजन कर लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करें।

उन्होंने एंबुलेंस सेवा 102 और 108 की गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त करते संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि आपातकालीन सेवाओं को उपलब्ध कराने वाली उक्त दोनों एंबुलेंस सेवाओं को मानक के अनुसार संचालित कराएं और अनावश्यक रूप से विलंब करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रसव कार्य को पूरी गंभीरता के साथ करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं, अतः सभी स्वास्थ्य अधिकारी पूर्ण मानक एवं गुणवत्तापूर्ण आमजन को स्वस्थ लाभ उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय सहित जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी में आधारभूत सुविधाओं में यदि कोई कमी है, तो उसे तत्काल सुधारने की दिशा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ एन्टी स्नेक के इंजेक्शन उपलब्धता, आशाओं का भुगतान, आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी का भुगतान की समीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिले में संचा. लित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण मानक के अनुसार क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजना के व्यवस्थित संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों जैसे-आशा एवं एएनएम की कार्य प्रणाली एवं उनका प्रशिक्षण, संस्थागत प्रसव आदि से सम्बंधित चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचा. लित जितनी भी सेवाओं/योजनाओं का संबंध ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों (आशा/एएनएम) से है। उसकी समीक्षा अनिवार्य रूप से सम्बंधित चिकित्सा अधिकारी करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान डीएम द्वारा राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अच्छा कार्य करने वाले कार्मिकों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सीडीओ रणविजय सिंह, सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज सेन, डा. उर्मिला कार्या, महिला अस्पताल डा. प्रभा रानी सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद थे।

## एक नजर

### एक दिन में पढ़ा हिफ्ज-ए-कुरान



**नगीना।** मदरसा जामिआतुल अबरार में इस वर्ष शुरू की गई विशिष्ट कुरआनी प्रशिक्षण व्यवस्था 'एक बैठक में पूर्ण हिफ्ज-ए-कुरान' निरंतर सफलता के साथ आगे बढ़ रही है और यह संस्थान की अकादमिक पहचान एवं उच्च शैक्षिक मानकों को दर्शा रही है। संस्थान के अकादमिक हेड मुफ्ती मौहम्मद सिद्दीकी अल-कासमी ने बताया कि जामिआतुल अबरार में हिफ्ज-ए-कुरान का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम की पूर्ति नहीं, बल्कि ऐसे हाफिज तैयार करना है, जिनके सीनों में कुरान मजबूती और एकाग्रता के साथ सुरक्षित रहे। इसी क्रम में मुजफ्फरनगर निवासी कक्षा सात के छात्र मौहम्मद यूसुफ ने अपने उस्ताद कारी मौहम्मद फैजान के समक्ष सुबह लगभग सात बजे एक ही बैठक में पूर्ण कुरान सुनाना प्रारंभ किया और रात्रि आठ बजे तक मुकम्मल कुरान सुनाकर यह उपलब्धि हासिल की। गौरतलब है कि मौहम्मद यूसुफ इस श्रृंखला के चौथे छात्र हैं। इससे पूर्व तीन छात्रों मुरादाबाद निवासी कक्षा सात के छात्र मौहम्मद फुआद ने 25 नवंबर को, नगीना निवासी कक्षा 2 के छात्र मौहम्मद अजीफ ने 30 नवंबर को और नगीना निवासी कक्षा सात के छात्र अब्दुल अली ने 8 दिसंबर को एक ही बैठक में पूर्ण कुरान सुनाया है। अकादमिक हेड मुफ्ती मौहम्मद सिद्दीकी अल-कासमी ने कहा कि यह उपलब्धियां सतत प्रशिक्षण, शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**राजा का ताजपुर।** ग्राम नवादा उर्फ तेलीपुरा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन जिला पंचायत सदस्य पद के संभावित प्रत्याशी गौरव चौहान ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता रहना चाहिए। टूर्नामेंट से नौजवानों की प्रतिभाएं सामने आती है। यहीं नौजवान देश के लिए खेल कर अपने प्रदेश व जनपद का नाम रोशन करते हैं। सभी को खेल भावना से खेलना चाहिए। इस मौके पर मोहित कुमार, फैजान अंसारी, रिजवान अंसारी आदि मौजूद थे।

### स्कूलों का समय परिवर्तन

**बिजनौर।** कड़ाके की ठंड एवं कोहरे की वजह से जिला प्रशासन ने स्कूलों का समय परिवर्तन कर दिया है। अब कक्षा एक से कक्षा 12 तक के सभी स्कूल सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक खुलेंगे। सभी वार्डों के स्कूलों एवं इंटर कॉलेजों में यह आदेश लागू होगा।

### किसान पाठशाला का आयोजन

**बिजनौर।** उपनिदेशक कृषि डॉ. घनश्याम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज विकास खण्ड धामपुर में गन्ना सहकारी समिति प्रांगण में एवं विकास खण्ड किरतपुर में किसान कल्याण केन्द्र किरतपुर पर कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना एवं आत्मा योजना अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय रबी गोष्ठी के साथ-साथ रबी सीजन की किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकास खण्ड धामपुर में मुख्य अतिथि के रूप में मोहन सिंह (रामवीर सिंह) चेयरमैन गन्ना विकास समिति धामपुर, डॉ. केके सिंह कृषि वैज्ञानिक, विकास खण्ड किरतपुर में संजीव मलिक जिला पंचायत सदस्य डॉ. पिन्टू कुमार कृषि वैज्ञानिक, जितेन्द्र कुमार विषय वस्तु विशेषज्ञ, सुजीत विश्वास सहायक विकास अधिकारी (कृषि), हरेन्द्र सैनी सहा.वि. अधि. (कृषि) एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे। रबी गोष्ठी में विकास खण्ड धामपुर में लगभग 215 कृषक, विकास खण्ड किरतपुर में लगभग 185 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गोष्ठी का संचालन योगेन्द्र पाल सिंह सेवानिवृत्त विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा किया गया। डॉ. घनश्याम वर्मा उप कृषि निदेशक बिजनौर द्वारा कृषि विभाग में चल रही योजनाओं एवं देय अनुदान के विषय में जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि वर्तमान में पीएम कुसुम योजना अन्तर्गत के सोलर पम्पों के लक्ष्यों एवं उनमें देय अनुदान के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही रबी फसलों में खरपतवार नियन्त्रण एवं कृषि रक्षा, कृषि में ड्रोन का प्रयोग, फार्मर रजिस्ट्री का महत्व एवं उपयोगिता के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। डॉ. पिन्टू कुमार कृषि वैज्ञानिक द्वारा गोष्ठी में आये किसान भाईयों को रबी फसलों में लगने वाले रोगों एवं उनकी रोकथाम के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। डॉ. केके सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसान भाईयों को प्राकृतिक खेती के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। रबी तिलहन मेला अन्तर्गत किसानों में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित कराया गया।

# झालू नगर पंचायत के कार्य की सराहना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झालू नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा कस्बे में आवारा कुत्तों को पकड़वाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिससे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। नागरिक नगर पंचायत के कार्यों की सराहना कर रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार झालू में आवारा कुत्तों के द्वारा बच्चों व बुजुर्गों सहित महिलाओं पर हमला करने से दहशत का माहौल बन गया था। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाल के द्वारा कस्बे में घूम रहे कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान की शुरूआत कराई गई। यह अभियान लगातार चल रहा है। जिसकी वजह से कुत्तों की संख्या में काफी कमी आई है और नागरिकों को काफी राहत मिली है। नागरिकों का मानना है कि यह अभियान लगातार चलाया जाना चाहिए। ताकि कुत्तों की बढ़ती संख्या को रोका जा सके।

दूसरी तरफ नगर में सफाई अभियान भी काफी तेज गति से चल रहा है। नगर पालिका के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सभी वार्डों के गली मौहल्लों में सफाई कर रहे है। नागरिकों को सफाई अभियान में सहयोग के लिए जागरूक किया जा रहा है। जनपद में स्वच्छता अभियान में झालू नगर पंचायत का स्थान सबसे ऊपर है। नागरिकों को पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### कस्बे में पकड़े जा रहे आवारा कुत्ते, सफाई व्यवस्था भी दुरुस्त

# ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**नगीना।** एक युवती की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना प्राप्त होते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 12:00 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम जमालपुर बांगर निवासी आसमा पुत्री करीमुद्दीन की पुरैनी रेलवे स्टेशन व हबीबवाला रेलवे स्टेशन के बीच खंभा नंबर 1464/27 के पास धनबाद फिरोजपुर किसान एक्सप्रेस से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह दोपहर घर से जंगल की तरफ निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। वह अविवाहित थी और उसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं थी। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। बाद में पुलिस ने युवती की मौत की सूचना परिजनों को दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और आसमा की पहचान की। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# चोर को धौलपूजा कर पेड़ से बांधा

### बंधनमुक्त करा कर पुलिस ने हिरासत में लिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** चोरी करते रंगेहाथ पकड़े गए युवक को ग्रामीणों ने पेड़ से बांध दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बंधक को छुड़ाकर हिरासत में लिया। किसानों के खेतों से ट्यूबवेल आदि कृषि यंत्रों की लगातार हो रही चोरी के कारण किसान चोर को पकड़ने की फिराक में लगे हुए थे। बृहस्पतिवार को दोपहर चोरी की नीयत से घुसे एक युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी को पेड़ से बांध दिया और उसकी धुनाई कर दी।

जानकारी के अनुसार आज दोपहर शिवपुरी निवासी रविंद्र पुत्र जसवंत ने पुलिस को सूचना दी कि उनके घर में चोरी हुई है। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो देखा कि ग्रामीण एक युवक को पॉपुलर के पेड़ से बांधे हुए थे। पकड़े गए युवक की पहचान गांव के ही लोकेंद्र सिंह उर्फ गद्दार (25 वर्ष) पुत्र विजयपाल सिंह के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि लोकेंद्र नशे का आदी है और अपनी लत पूरी करने के लिए गांव में अक्सर छोटी-मोटी चोरियां करता रहता है। आज वह पंपिंग सेट (डीजल इंजन) के पार्ट, डीजल, चाबी-पाने और दराती चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने उसे सबक सिखाने के लिए पेड़ से बांध दिया था।

मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल मोहित तेवतिया व कांस्टेबल विकास कुमार ने आरोपी को बंधन मुक्त कर चोरी के सामान सहित हिरासत में ले लिया। आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल करते हुए ग्रामीणों पर मारपीट का आरोप भी लगाया है। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध संवैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# धर्मशाला की जमीन पर अवैध कब्जे की जांच

**राजा का ताजपुर।** राज परिवार द्वारा संरक्षित धर्मशाला की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत की जांच सीओ चांदपुर ने मौके पर जाकर की।

कुंवर शैलेन्द्र जीत सिंह, कुंवर इंद्रजीत सिंह का कहना है कि यह जमीन उनके पूर्वज राजा प्रताप सिंह के नाम दर्ज है। यहां जनहित में एक धर्मशाला बनाये जाने की मंशा से एक कमेटी बनी हुई है, जिसके संरक्षक राजा शैलेन्द्र जीत सिंह है। इसमें जो दुकाने बनी हुई है, उसका किराया भी यह कमेटी वसूलती है। दो दिन पूर्व इस पर अवैध कब्जे की मंशा से त्यागी धर्मशाला लिखवा दिया गया तथा लोहे के गेट को उखाड़ दिया गया। वहीं टिल्लू त्यागी, अंकित त्यागी एडवोकेट ने सीओ चांदपुर को बताया कि धर्मशाला के नाम पर वर्षो से यह भूमि खाली पड़ी हुई है। लोग यहां गंदगी करते है। इसकी देखरेख उनके नेतृत्व वाली कमेटी करती है। वे इस स्थान पर जनहित में पूर्व प्रस्तावित एक भव्य धर्मशाला बनवाये जाने के हक में है। राजस्व घरोनी में यह धर्मशाला के नाम दर्ज है। यह किसी की निजी सम्पत्ति नहीं है। बस्ती के नागरिक भी यहां धर्मशाला बनाने के पक्ष में है। जब तक त्यागी समाज में धर्मशाला की जमीन को लेकर सहमति नहीं बनती, तब तक कोई भी काम नहीं होगा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर मामला शांत कर दिया है।

# धामपुर पत्रकार संघ का शपथ ग्रहण कार्यक्रम

## अध्यक्ष सचिन अग्रवाल के नेतृत्व में पूरी टीम को जिला अध्यक्ष भूपेंद्र बॉबी ने दिलाई शपथ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पत्रकार संघ का शपथ ग्रहण कार्यक्रम तथा रक्तवीर आइकॉन अवार्ड समारोह विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में धूमधाम से आयोजित किया गया। धार्मिक एवं समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े प्रतिष्ठित लोगों को रक्तवीर आईकॉन अवार्ड से सम्मानित भी किया गया।

शुभम मंडप में धामपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल तथा महामंत्री भूपेंद्र कुमार शर्मा एवं कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल के दिशा निर्देशन एवं संस्था परिवार के सभी पदाधिकारी और सदस्यों के सहयोग से आयोजित भव्य समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथियों भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य महेंद्र धनोरिया, प्रांतीय परिषद के सदस्य भूपेंद्र सैनी, जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि विवेक सेन, डॉ. दिनेश कुमार, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल, डॉ. मोनिका अग्रवाल, हिंदू रक्षा सेवा के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी, धामपुर पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य बबीता गुप्ता, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मीनू सिसोदिया, शिवानी अग्रवाल, मीना गुप्ता, शिवानी विश्वास, संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम के महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार, एमआईटी के डायरेक्टर हिमांशु विश्वास, शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान, दीपक अग्रवाल, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, जावेद रहमान शमसी, एसपी सलूजा, दिशा इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर मुकेश अग्रवाल एवं सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल आदि ने संयुक्त रूप से ज्ञान दायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

धामपुर पत्रकार संघ के कोऑर्डिनेटर अभिषेक गुप्ता ने संस्था की स्थापना से वर्तमान तक के कार्यकाल तथा अर्जित की गई उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए बताया कि संस्था के पहले अध्यक्ष बनने का सौभाग्य भी उन्हीं को प्राप्त हुआ था। इसके बाद अध्यक्ष पद की बागडोर अभी तक न्यूज चैनल के डायरेक्टर शरद राजवंशी के हाथों में रही और वर्तमान में अध्यक्ष पद को ऊर्जावान पत्रकार साथी सचिन कुमार अग्रवाल पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान बॉबी ने उपस्थित समूह से भारत माता की जय का सामूहिक उद्घोष कराते हुए धामपुर पत्रकार संघ के सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की सामूहिक शपथ ग्रहण कराई। रक्तवीर परिवार की ओर से संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन तथा अध्यक्ष सचिन कुमार अग्रवाल ने लगभग दो दर्जन से अधिक से संबंधित प्रतिष्ठित नागरिकों को रक्तवीर आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय ने पत्रकारों और पुलिस अधिकारियों के बीच आपसी प्रशंसनीय सामंजस्य की चर्चा की। भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य महेंद्र धनोरिया ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। समारोह की सफलता में धामपुर पत्रकार संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों के अलावा नगर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों का समर्पित योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता धामपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल ने तथा सफल संचालन सुमित शर्मा ने किया।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेढा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सेढा निवासी कलीम की पत्नी मेहविश (22 वर्ष) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही मेहविश को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। मृतका के परिजनों का कहना है कि शादी मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार की गई थी और हैसियत के मुताबिक दान-दहेज दिया गया था, लेकिन ससुराल पक्ष एक कार और नकद धनराशि की मांग कर रहा था। परिजनों ने ससुराल पक्ष पर मेहविश की फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।



सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। मृतका के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर ससुराल पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की मांग की है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मेहविश की शादी करीब आठ माह पूर्व हुई थी। मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत

**नहटौर।** तेरह दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप घायल हुए खुर्शीद की दिल्ली में उपचार के दौरान में मौत हो गई।

मालूम हो कि बीती 5 दिसम्बर को नहटौर-पैजानिया मार्ग पर ग्राम जमालपुर के पास दो बाइकों की भिड़ंत हो गई थी। जिसमें मौहल्ला होलियान निवासी पप्पू (50 वर्ष) पुत्र बुन्दू व मौहल्ला हाथीवाला मंदिर निवासी खुर्शीद (60 वर्ष) पुत्र हमीद व दूसरा बाईक सवार नगीना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी रविन्द्र (25 वर्ष) पुत्र ऊदल सिंह घायल हो गए। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया है। तीनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया था। गंभीर रूप से घायल खुर्शीद का बिजनौर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर खुर्शीद को दिल्ली के अरबन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# न्याय संगत नहीं है देश के पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करना : चंद्रहास सिंह

## आगामी आंदोलन में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संगठित रहने का आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सिंचाई विभाग में इरिगेशन मिनिस्टीरियल कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता एवं राजकीय वाहन चालक स्वास्थ्य परिवार कल्याण संघ के जिला मंत्री नरेंद्र कुमार के संचालन में बैठक आयोजित हुई।



अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि आठवें वेतन आयोग के लाभ से देश के पेंशन भोगी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अलग करना बिल्कुल भी न्याय संगत नहीं है। संगठन की मांग है की पूर्ववर्ती वेतन आयोग के अनुसार देश के पेंशन भोगी शिक्षकों एवं कर्मचारी को आठवें वेतन आयोग का लाभ भी दिया जाना चाहिए। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन ही उनके सम्मान को सुरक्षा देने वाली है, जो सरकार द्वारा डीए और वेतन आयोग के लाभ से बढ़ते क्रम में रहती है जिसका लाभ सेवानिवृत शिक्षक एवं कर्मचारी अपने जीवन को अच्छे ढंग से यापन करने में करता है। सरकार को पेंशनभोगियों के 8वें वेतन आयोग के लाभों को देने का मजबूत फैसला लेना होगा। इस अवसर पर सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर सिंह एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन देश के शिक्षकों एवं कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है। देश के पेंशनरों को आठवें वेतन आयोग से सरकार द्वारा अलग रखना अत्यंत निंदनीय है। जिला मंत्री नरेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगामी आंदोलन में संगठित रहने का आह्वान किया।


इस अवसर पर डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला संरक्षक गजेंद्र शर्मा, भंडार कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार दिवाकर, वीरपाल सिंह, आकाश दीप, पवन कुमार, कालेन्द्र कुमार आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर

### दो आरोपी गिरफ्तार

**कोतवाली देहात।** ग्राम मोथेपुर किरत निवासी सारिका पत्नी विशाल की मौत हो गई थी। मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आठ आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की थी। मामले में आरोपी पति विशाल कुमार तथा सास कुंतेश देवी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### पेड़ जलने से टूटने का खतरा



**नहटौर।** ग्राम जसमौरा में स्थित कब्रिस्तान में कुछ बच्चे आग जलाकर ताप रहे थे। बताया जाता है कि शीरस के पेड़ के पास आग जला रखी थी। आग शीरस के पेड़ की जड़ के सिरे पर लग गई और धीरे-धीरे आग ऊपर तक पहुंच गई। पेड़ में आग लगने के कारण उसके टूटने का खतरा बन गया। आसपास के क्षेत्र में भी खतरा बताया जा रहा है। ग्राम प्रधान जसमौरा शकील अहमद ने बताया कि कुछ बच्चे आग जलाकर ताप रहे थे। वह वहां से आ गए और आग शीरस के पेड़ के निचले हिस्से से लगी जो ऊपर तक पहुंच गई। आग को पानी डालकर बुझवाया गया है। पेड़ को काटने के लिए राजस्व विभाग को सूचना दी गई है।

### साइकिल सवार वृद्ध चोटिल



**नहटौर।** मौहल्ला पीर शहीद काला निवासी निजामुद्दीन साईकिल से गांव जा रहा था। बताया जाता है कि नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन पुल पर एक ट्रैक्टर चालक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिसमें वृद्ध मामूली रूप से चोटिल हो गया और साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### हमलावर सांड घेराबंदी कर पकड़ा



**नहटौर।** दो दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम टपरौला निवासी 60 वर्षीय वृद्ध महिला शकुंतला देवी अपनी पशुशाला में पशुओं के चारा डालने की गई थी। इसी दौरान पशुशाला में घुसे आवरा सांड ने शकुंतला पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसे बिजनौर में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। बताया जाता है कि गांव टपरौला में ही आवारा सांड गांव में घूम रहा था और उसने कई रास्तों पर आवागमन भी बंद कर रखा था। ग्रामीणों ने उसको पकड़वाए जाने की मांग की थी। ब्लॉक के एडीओ अनिल कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक की टीम व ग्रामीणों के सहयोग से आवारा सांड को पकड़वाया गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। इस मौके पर ग्राम प्रधान कुलदीप कुमार व ग्रामीण केशव कुमार, बबलू, मोहित कुमार आदि मौजूद रहे। एडीओ अनिल कुमार ने बताया कि आवारा सांड को पकड़वा लिया गया है और उसे गौशाला भेजा जाएगा।

### वेलफेयर प्रेस क्लब बना मानवता की मिशाल



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम कादराबाद में एक अर्द्धविक्षित महिला बीते करीब दो वर्षों से कादराबाद के सरकारी अस्पताल परिसर में रह रही थी, जहां उसे अस्थायी सहारा मिला हुआ था। लोगों ने बताया कि कुछ कथित नेताओं ने जो अपने आप को धर्म के ठेकेदार मानते हैं, असहाय महिला को अस्पताल परिसर से निकाल कर सहारा भी छीन लिया गय। कड़ाके की ठंड में जंगली जानवरों का निवाला बनने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर होना पड़ा। वेलफेयर प्रेस क्लब की टीम की नजर जब महिला पर पड़ी तो प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनय भार्गव ने टीम के सदस्यों ने जनपद के उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया गया, तब कहीं जाकर बृहस्पतिवार की देर शाम पुलिस के माध्यम से महिला को थाना लाकर पुलिस की मदद से मेडिकल परीक्षण कराया गया, ताकि उसका समुचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके। महिला दूसरे प्रांत की बताई जाती है जो हिंदी भाषा नहीं जानती। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि महिला के इलाज के साथ-साथ उसके परिवार का पता लगाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। मानवता का परिचय देते हुए वेलफेयर क्लब अध्यक्ष विनय भार्गव, सुनील कुमार, अनिल नारायण और अजमल खान द्वारा महिला को शॉल और लिहाफ प्रदान कर आवश्यक सहायता के साथ जिला मुख्यालय रवाना किया गया। जहां समाज सेवी संस्था की निगरानी में रहेंगी।

### मासूम को खेत में खींचने का वीडियो वायरल

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्चे को खेत की ओर खींच कर ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि मासूम बच्चों को कुकर्म के लिए खेत की ओर ले जाया जा रहा था। सूत्र बताते है कि हीमपुर दीपा थाने पहुंचे मासूम बच्चे के परिजनों ने हीमपुर दीपा थाने में तहरीर सौंपकर उक्त मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित



**स्योहारा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शेयर संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 50 क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी स्योहारा डा. बी.के. स्नेही ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा समाज के सभ्रांत नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं संस्थानों से टीबी रोगियों को गोद लेने का आह्वान किया गया है। इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि अब लोग न केवल पोषण सहायता दे रहे हैं बल्कि रोगियों को मानसिक व भावनात्मक संबल भी प्रदान कर रहे हैं। सीएचसी के वरिष्ठ क्षय रोग उपचार पर्यवेक्षक मौहम्मद फारूख ने कहा कि 'टीबी उन्मूलन 2025 का लक्ष्य पोषण एवं जागरूकता पर आधारित है। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच व इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर नि:शुल्क उपलब्ध है। हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को इलाज के दौरान प्रति माह रूपए 1000 की धनरा. शि सीधे उनके खाते में भेजी जाती है। इस अवसर पर शेयर संस्था प्रभारी डेविड इब्राहिम, संजय कुमार, हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, एआरओ आलोक कुमा,र वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक मौहम्मद फारूख, वरिष्ठ लैब पर्यवेक्षक मुकेश कुमार, देवेंद्र सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग व शेयर संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष अभियान



**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से करीब 12 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया। अभियान का नेतृत्व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने किया। इस दौरान टीम ने मुख्य बाजार सब्जी मंडी दुकानों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। अधिशासी अधिकारी ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि प्रति. बंधित प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने सभी से कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान नगर पालिका प्रशासन द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों को गंदा न करने खुले में पेशाब न करने तथा शौचालयों का प्रयोग करने की अपील की गई। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार



**स्योहारा।** नसीम पुत्र अब्दुल करीम निवासी ग्राम सहसपुर देहात थाना स्योहारा ने 17 दिसम्बर को थाना में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्त लईक पुत्र अमीर अहमद निवासी मौहल्ला चौधरियान सहसपुर ने उसकी17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कार में बैठाकर मुरादाबाद ले गया और बाद में स्योहारा लाकर एक मकान में उसके साथ दुष्कर्म किया तथा जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार द्वारा स्वयं ग्रहण की गई। पीड़िता वादी एवं गवाहों के बयान तथा विवेचनात्मक साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। आज वांछित अभियुक्त लईक पुत्र अमीर अहमद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### झालू में बड़ा हादसा टला

**बिजनौर।** झालू में धामपुर रोड पर नगर पंचायत कार्यालय के समीप हाईवोल्टेज विद्युत लाइन का तार टूट कर लोहे के खम्भे पर गिर गया। जिससे खम्भे में आग लगने लगी और अफरा-तफरी मच गई। धामपुर मार्ग पर दोनों तरफ वाहनों को रोक दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पहुंच गई और उसने विद्युत आपूर्ति बंद कराई। जिसके बाद यातायात सूचारू हो सका। दुर्भाग्य से अगर कोई भी विद्युत लाइन के समीप होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# धर्मशाला की जमीन पर कब्जे की जांच






## बड़ी संख्या में मौजूद रहे ग्रामीण

**मुजाहिद फारूकी**

**राजा का ताजपुर।** राज परिवार द्वारा संरक्षित धर्मशाला की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गईं शिकायत की जांच सीओ चांदपुर ने मौके पर जा कर की। धर्मशाला की यह भूमि कई साल से गंदगी का ढेर बनी हुई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इस संबंध में कुंवर शैलेन्द्र जीत सिंह व कुंवर इंद्रजीत सिंह का कहना है कि यह जमीन उनके पूर्वज राजा प्रताप सिंह के नाम दर्ज है। यहां जनहित में धर्मशाला बनाये जाने की मंशा से कमेटी बनी हुई है। जिसके संरक्षक राजा शैलेन्द्र जीत सिंह है। इसमें जो दुकानें बनी हुई है। उसका किराया भी यह कमेटी वसूलती है। दो दिन पूर्व इस पर अवैध कब्जे की मंशा से त्यागी धर्मशाला लिखवा दिया गया तथा लोहे के गेट को उखाड़ दिया गया।

जबकि दूसरी तरफ टिल्लू त्यागी व अंकित त्यागी एड. ने सीओ को बताया कि धर्मशाला के नाम पर वर्षो से यह भूमि खाली पड़ी हुई है। लोग यहां गंदगी करते है। इसकी देखरेख उनके नेतृत्व वाली कमेटी करती है। वह इस स्थान पर जनहित में पूर्व प्रस्तावित एक भव्य धर्मशाला बनवाए जाने के हक में है।

राजस्व घरोनी में यह धर्मशाला के नाम दर्ज है। यह किसी की निजी सम्पत्ति नहीं है। बस्ती के नागरिक भी यहां धर्मशाला बनाये जाने के पक्ष में है।

अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इस मामले का क्या हल निकालता है। कहीं इस विवाद से कोई बड़ी घटना घटित न हो जाए। बताया जाता है कि धर्मशाला की जमीन को लेकर जब तक सहमति नहीं बन जाती है, तब तक कोई भी काम नहीं होगा। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कर दिया है।

# शीत लहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि शासन द्वारा शीत लहर के बचाव के दृष्टिगत एडवाइजरी जारी की गई है।

उन्होंने निर्देश दिए कि गन्ना तथा भूसा ढोने वाली गाड़ियों जैसे-ट्रॉली, ट्रक, बैल गाड़ी पर क्षमता से अधिक गन्ना अपलोड न करें तथा सर्दियों में गाड़ियों में फॉग लाइट का इस्तेमाल करें। भार ढ़ोने वाले वाहन के चालक इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पीछे से आ रही एम्बुलेंस को रास्ता दें। दोपहिया वाहन चालक शीतलहर/ठंड में बहुत आवश्यक होने पर ही घर से वाहन लेकर बाहर निकलें, दोपहिया वाहन चालक शीतलहर/ठंड में बाहर निकलते समय गर्म कपड़े, दस्ताने, चश्मा, हेलमेट पहन कर निकलें।

उन्होंने बताया कि कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें तथा कमरें में शुद्ध हवा का वायु-संचार बनायें रखें। ठंड लगने के लक्षणों जैसे हांथ-पांव सुन हो जाना, हांथ पैरे की उंगलियों में सफेद या नीले रंग के दाग उभर आने पर नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें।

हाइपोथर्मिया (शरीर के असामान्य तापमान) के लक्षण जैसे याददास्त का कमजोर पड़ना, असी. मित ठिठुरना, सुस्ती, थकान, तुतलाना तथा कार्य में भटकाव इत्यादि के लक्षणों महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

उन्होंने पशुओं के लिए जानकारी देते हुए बताया कि ठंड के मौसम में पशुओं को थनैला मिल्क फीवर नेमोटाइटिस आदि रोग होने का खतरा रहता है। इसलिए पशुओं को समय-समय पर चिकित्सक को दिखाते रहें। पशुओं को रात में खुले पेड़ के नीचे अथवा घर से बाहर न निकालें। पशुओं को ठंड के समय में गुड़ व कैल्शियम टॉनिक पिलाएं। पशुओं को ठंड के मौसम में जूट की बोरी अथवा घर में पड़ा पुराना कंबल उढाएं। प्रेगनेंट पशुओं को ठंड लगने की ज्यादा संभावना होती है। उनके पास अलाव जलाकर रखें, लेकिन यह भी ध्यान में रखें कि अलाव पशुओं से कुछ दूरी पर ही जलाऐं, जिससे पशुओं को कोई नुकसान न पहुंचे।

उन्होंने बताया कि शीत लहर और पाला फसलों को काला रतुआ, सफेद रतुआ, पछेती झुलसा आदि बीमारियों सहित बीमारियों के कारण नुकसान पहुंचाता है। शीत लहर अंकुरण, विकास, फूल, उपज और भंडारण जीवन में विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यवधानों का भी कारण बनती है। ठंड प्रतिरोधी पौधों/फसलों/किस्मों की खेती करें। सर्दियों के दौरान नर्सरी और युवा फलों के पौधों को प्लास्टिक से ढ़ककर या छप्पर बनाकर विकिरण अवशोषण को बढ़ाएं और गर्म तापीय व्यवस्था प्रदान करें।

# बिना स्वीकृति निर्माण कार्य पर पालिका की सख्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा बिना स्वीकृति कराए कराए जा रहे निर्माण कार्यों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया गया है।

मौहल्ला हिन्दू चौधरियान वार्ड संख्या 19 निवासी को नगर पालिका की ओर से नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में अवगत कराया गया है कि संबंधित स्थान पर बिना नगर पालिका की अनुमति के पुराने भवन को ध्वस्त कर नए भवन के निर्माण हेतु 5 से 6 फीट तक मिट्टी की खुदाई कराई जा रही है। यह कार्य घनी आबादी के बीच किया जा रहा है, जिससे आसपास स्थित भवनों को नुकसान पहुंचने और जान-माल की



## नोटिस जारी कर निर्माण पर लगाई रोक

क्षति की प्रबल संभावना बनी हुई है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल के निर्देश पर जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि उक्त निर्माण कार्य के लिए निकाय कार्यालय से किसी प्रकार की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है। यह कार्य नगर पालिका अधिनियम 1916 में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन है और बिना अनुमति कराया जा रहा निर्माण अवैध की श्रेणी में आता है। नोटिस में संबंधित व्यक्ति को निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्राप्त होते ही तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य रोक दिया जाए अन्यथा की स्थिति में नगर पालिका द्वारा विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति किए जा रहे किसी भी निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# घने कोहरे में सतर्कता ही सुरक्षा : सीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सर्दी के मौसम में लगातार बढ़ रहे घने कोहरे को देखते हुए सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस क्षेत्र अधिकारी अभय कुमार पांडे ने क्षेत्र के सभी वाहन चालकों और आम नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

पुलिस क्षेत्र अधिकारी अभय कुमार पांडे ने कहा कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हेलमेट और बेल्ट न केवल चालान से बचाव के लिए हैं बल्कि यह दुर्घटना की स्थिति में जीवन रक्षक साबित होते हैं। कोहरे के समय वाहन की गति नियंत्रित रखना बेहद जरूरी है। पुलिस क्षेत्र अधिकारी अभय कुमार पांडे ने वाहन चालकों को सलाह दी कि घने कोहरे में



इंडिकेटर, फॉग लाइट और हेडलाइट का सही तरीके से उपयोग करें। उन्होंने कहा कि लाइट जलाकर रखने से अन्य वाहन चालकों को समय रहते आपकी मौजूदगी का आभास हो जाता है, जिससे टक्कर की संभावना कम हो जाती है। साथ ही उन्होंने अचानक ब्रेक लगाने और अनावश्यक ओवरटेक करने से बचने की अपील की। पुलिस क्षेत्र अधिकारी अभय कुमार पांडे ने यह भी कहा कि कई दुर्घटनाएं उन चाल. कों के कारण होती हैं जो तेज रफ्तार में या नशे की हालत में वाहन चलाते हैं। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि नशे में वाहन चलाना कानूनन अपराध है और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से अपील की कि अपनी जान के साथ-साथ दूसरों की जान को भी खतरे में न डालें। उन्होंने पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों से भी अपील की कि वे सड़क किनारे चलते समय सावधानी बरतें और जहां संभव हो रिफ्लेक्टर या चमकीले कपड़े पहनें ताकि कोहरे में वे आसानी से दिखाई दे सकें। इससे हादसों की आशंका काफी हद तक कम की जा सकती है। पुलिस क्षेत्र अधिकारी अभय कुमार पांडे ने कहा कि सर्दी के मौसम में घना कोहरा एक सामान्य प्राकृतिक स्थिति है, लेकिन सतर्कता और नियमों के पालन से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि आराम से चलें, सुरक्षित चलें के संदेश को अपनाएं और अपने परिवार और समाज को सुरक्षित रखें।

**न्यायालय न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय धामपुर, जनपद बिजनौर**

फौजदारी वाद संख्या 68/2025 एवं 58/2025

**उसमाना बनाम मौ. इकबाल**

वाद उपरोक्त 68/2025 एवं 58/2025 उसमाना बनाम मौ. इकबाल धारा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, थाना अफजलगढ़ के प्रतिपक्षी मौ. इकबाल को जारी समन उभय प्रकार से कई बार भेजा जा चुका है। लेकिन प्रतिपक्षी समन लेने से बच रहा है।

इस लिए विपक्षी मौ. इकबाल पुत्र मौ. असगर निवासी मौहल्ला खुराड़ा, थाना शेरकोट को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वह वाद सं. 58/2025 व 68/2025 उपरोक्त दोनों वाद में दिनांक 02/01/2026 को न्यायालय ग्राम न्यायालय धामपुर (बिजनौर) में दोनों वाद में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित हो।

नियत दिनांक:- 02.01. 2026

**न्यायाधिकारी**
**ग्राम न्यायालय धामपुर**
**जिला बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र प्रिंस गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ अभद्र व्यवहार करता है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने अपने पुत्र प्रिंस से पारिवारिक रिश्ता-नाता समाप्त करके उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी क्रिया कलाप से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**जयप्रकाश सिंह पुत्र हरकेश सिंह, ग्राम बरूकी, थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र राहुल कुमार व पुत्र वधु नीतू सैनी ने अपनी इच्छा से दहेज रहित विवाह किया है। ये दोनों मेरे व परिवार के अन्य लोगों के साथ मारपीट करते है। इनका आचरण व व्यवहार ठीक नहीं है इनकी हरकतों से तंग आकर मैंने इन दोनों से मई 2021 से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त कर दिया है और अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी लेनदेन से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है। **विरेन्द्र कुमार पुत्र कल्लू सिंह, ग्राम दित्तनपुर, परगना व तहसील धामपुर ( बिजनौर )**

# कुत्तों का मासूम पर जानलेवा हमला

## राहगीरों ने बामुश्किल बचाया, हायर सेंटर किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ब्लॉक क्षेत्र में आवारा कुत्तों का दिन प्रतिदिन आतंक बढ़ता ही जा रहा है।

नगर से सटे ग्राम झाड़पुरा निवासी छह वर्षीय बालक कार्तिक पुत्र लौकमन को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। बालक कार्तिक अपने दादा छत्रपाल सिंह के साथ खेत से अपने घर की ओर वापस आ रहा था। इसी दौरान गांव के रास्ते में खड़े आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बालक पर हमला कर दिया। अपने पोते की चीख पुकार की आवाज सुनकर दौड़े दादा छत्रपाल सिंह ने पोते को बचाने का प्रयास किया लेकिन कुत्तों के झुंड के आगे दादा हिम्मत हार गए। राहगीरों ने बालक को कुत्तों के झुंड से बचाया, तब तक कुत्तों के झुंड ने कार्तिक के ऊपर हमला कर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया।



परिजनों ने बालक कार्तिक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां डॉ. मोहित व फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल बालक को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी चिकित्सक ने बताया कि कुत्तों ने बालक को जख्मी कर दिया था।

गौरतलब है कि ब्लॉक अफजलगढ़ क्षेत्र में दिन-प्रतिदिन कुत्तों के हमलों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। गत 16 दिसंबर को मौहल्ला बेगम सराय निवासी दिलशाद अंसारी की 6 वर्षीय पुत्री हुमेरा को कुत्तों के झुंड ने उस समय हमला कर घायल कर दिया था, जब वह घर के बाहर खेल रही थी। इससे पूर्व गत छह जून को नगर की फैजी कालोनी निवासी पांच वर्षीय मासूम बालिका यास्मीन को कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था तथा बीते 24 जुलाई को सलावत नगर (भागीजोत) निवासी एक बुजुर्ग किसान महिला को धान की कटाई करते हुए आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

सीएचसी अफजलगढ़ व पीएचसी कासमपुर गढ़ी के आंकड़ों की मानें तो सन् 2025 में ब्लॉक क्षेत्र में लगभग तीन सौ पुरुष, महिलाओं व बच्चों पर हमला कर घायल कर दिया। आवारा कुत्तों ने हमला कर तीन बालकों, एक महिला सहित चार को मौत के घाट उतार दिया। अफजलगढ़, रसूलपुर आबाद, सूआवाला, कादराबाद, रेहड़, मानियावाला, सीरवासुचन्द, कासमपुर गढ़ी आदि दर्जनों गांव में कुत्तों के हमले जारी है। उधर प्रशास. निक अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। नगर व ग्राम वासियो ने डीएम जसजीत कौर से आवारा कुत्तों के झुंड को पकड़वाकर निजात दिलाने की मांग की है।

## महिलाओं-बालिकाओं को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** स्थानीय मौहल्ला पाई बाग में आज पुलिस ने 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के तहत एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उप निरीक्षक सुभाष राणा, महिला हेड कांस्टेबल निर्वशी, महिला कांस्टेबल अनीता और कोबरा टीम मौजूद रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। पुलिस टीम ने विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त, वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन-1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930 जैसे आपातकालीन नंबरों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान पैम्फलेट भी वितरित किए गए और नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबरों की जानकारी दी गई।

### एक नजर

## सफाईकर्मियों को गर्म कपड़े वितरित



**अफजलगढ़।** नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई कर्मियों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े वितरित किए गए। पालिका मीटिंग हॉल में एक कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह एवं चेयरपर्सन पति जावेद विकार की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान पुरुष सफाई कर्मियों को ट्रैकसूट तथा महिला सफाई कर्मियों को गर्म कपड़े भेंट किए गए। गर्म कपड़े पाकर सफाई कर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। अधिशासी अधिकारी एस.पी. सिंह ने कहा कि सफाई सेवक नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कर्मचारियों से और बेहतर ढंग से कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही कस्बावासियों से नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि नगर में जगह-जगह कूड़ेदान लगाए जा रहे हैं। नागरिक कचरा कूड़ेदानों में ही डालें और इधर-उधर न फेंकें, जिससे स्वच्छ बना रह सके। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि कड़ाके की सर्दी में सफाई कर्मियों को राहत देने के उद्देश्य से गर्म कपड़ों का वितरण किया गया है। इस मौके पर लेखाकार संजीव अग्रवाल, रोबिन अग्रवाल, रोहिताश पवार, अमर पवार, रंजीत, दिनेश कुमार, मनोज पवार, राजीव, कमल, जगपाल, विमला देवी, सुमन देवी, रीता, प्रीति, नीतू आदि पालिका कर्मचारी व सफाईकर्मी मौजूद रहे है।

## भाकियू प्रधान की मासिक बैठक



**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) की मासिक बैठक में संगठन विस्तार के साथ-साथ किसान एवं मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया। बैठक में प्रशासन की लापरवाही और किसानों की उपेक्षा को लेकर तीखी नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान मुख्य छः मुद्दों में अनैतिक रूप से संचालित तथा अनैतिक कार्य में संलिप्त राजन व अन्य होटलों पर प्रतिबंध, तहसील कर्मचारी द्वारा शिकायत करने पर फोन नहीं उठाना, दिन और रात के अंधेरे में ओवरलोडिंग, , राशन वितरण में गड़बड़ियों का निस्तारण। ग्राम अकबरपुर आमला में चक रोड मार्ग पर मनरेगा द्वारा कार्य किया जाए जिससे गन्ना ढलान की समस्या न हो। इसी क्रम में किसान नेताओं ने अवैध रूप से संचालित होटलों और अवैध धंधों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह व संचालन जिला व्यापार अध्यक्ष रामोद कुमार ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रो. हताश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह, तहसील अध्यक्ष नीरज, रही. सुद्दीन, प्रदेश उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) मौहम्मद सरफराज अहमद, कुलदीप, राजेंद्र सिंह, जिला मंत्री शकील, मौहम्मद कामिल, जॉनी, बृजेश पाल, जिला प्रभारी शमशाद गुज्जर आमिल तथा प्रदेश सचिव डॉ. आकिल गुड्डू, रफीक, शमीम, विशाल चौधरी, मौहम्मद सोहेल, कुलदीप, सुनील कुमार, अभिषेक, रिंकू, पंकज, वीर सिंह, सुभाष, धूम सिंह, विपिन, सद्दाम, कैलाश, आदिल, सिकंदर, आतिफ़ उबेद, सलमान, जोगेंद्र चौधरी, युवा तहसील अध्यक्ष मुकुल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुंदकी चीनी मिल में व्यापक मॉक ड्रिल



**अफजलगढ़।** सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए द्वारिकेश नगर इकाई में आज अर्द्धवार्षिक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल डीएसआईएल ऑन साइट इमरजेंसी प्लान के तहत आयोजित की गई, जिसका उददेश्य कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों में विशेष रूप से आग लगने की स्थिति के लिए पूर्ण रूप से योग्य बनाना है। मॉक ड्रिक का आयोजन प्रातः संस्थान की आसवनी इकाई में शुरू हुआ। इस अवसर पर यूनिट हेड सलिल स्वरूप आर्य, एल.बी. सिंह, एस.के. सिंह, रिभू मालवीय, जीवराज सिंह, पलविन्द्र सिंह, उपदेश तथा आसवनी से अमित कुमार, दीपक वर्मा, ए.के. चौबे, रविकांत एवं सुशील कुमार के साथ सुरक्षा अधिकारीगण एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अभ्यास का मार्गदर्शन नगीना के फायर ऑफिसर दीपक चौधरी एवं संस्थान के उप प्रबन्धक-सेफ्टी चन्द्रेश्वर विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। मॉक ड्रिल का प्रदर्शन उप प्रबन्धक सुरक्षा गुरुबख्श सिंह ने किया। मॉक ड्रिल में महत्वपूर्ण अग्निशमन यंत्रों का संचालन, फायर हाइड्रेटस और फोम मॉनिटर्स का उपयोग शामिल था। उन्होंने नोजल्स, फोम ट्रॉली, फायर टेंडर, एस.सी.बी.ए. (स्वतंत्र श्वास यंत्र) और अग्निशमन सूट के उपयोग को भी समझाया। इसके अलावा इस ड्रिल में एक एम्बुलेंस का उपयोग भी शामिल था ताकि आपातकालीन प्रतिक्रिया की व्यापकता को दर्शाया जा सके। इस दौरान द्वारिकेशनगर एवं द्वारिकेशपुरम इकाई के युनिट हेड एवं वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट) सलील स्वरूप आर्य ने सुझाव दिए और प्रतिभागियों के प्रभावी समन्वय और मॉक ड्रिल के सफल निष्पादन के लिए प्रशंसा की।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सिमराह इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में छात्र-छात्राओं को नियम, प्रतिज्ञा एवं जांच की जानक. ारी, अतिथि सत्कार, गांठ बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, भाईचारा, देश सेवा भावना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कक्षा 5 से कक्षा 12 तक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा समस्त नियमों का पालन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




## प्रमाण पत्र व मेडल देकर किया सम्मानित

शिविर संचालकगण विवेक भार्गव, परमजीत कौर एवं परमजीत चौधरी ने छात्र-छात्राओं को 18 टोली बनाकर स्काउट एंड गाइड के अंतर्गत अनुशासन में रहकर नियमों का पालन करते हुए अपने आप को हर क्षेत्र प्रतिभाशाली बनाने का प्रशिक्षण दिया। टोली नंबर 1 ने प्रथम, टोली नंबर 8 एवं 9 ने द्वितीय तथा टोली नंबर 18 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रबंधिका श्रीमती हिना कमाल व प्रधानाचार्य मंसूर खान ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास तथा देश प्रेम की भावना को बढ़ाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू कुमार, पल्लवी, रोहित गुप्ता, कोपल शर्मा, लक्षी चौहान, इकरा, सबीहा, अनस व समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## विशालकाय अजगर पकड़ा

**शेरकोट।** खो बैराज के पास अजगर सांप दिखाई देने से लोग भयभीत थे। सांप को देखने के लिए लगातार लोगों की भीड़ बढ़ रही थी। किसी अनहोनी के डर से पुलिस को कई बार भीड़ को तितर बितर करना पड़ा था। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने अनहोनी के डर से वन विभाग टीम को उक्त सांप के बारे में जानकारी दी थी। वन विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाकर उसे दो बार पकड़ने का प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी थी। आज वन क्षेत्र अधिकारी शशांक गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर अजगर सांप को पकड़ लिया। शशांक गुप्ता ने बताया कि पकड़ गया असगर सांप लगभग बारह फिट लंबा तथा पचास किलोग्राम से अधिक वजन का है। अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है। इस अभियान में वन रक्षक विपिन कुमार, चौकीदार तथा एनजीओ इंचार्ज भास्कर मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया। क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की टीम की सराहना की।



## किसान से मारपीट कर बदमाशों ने सात हजार छीने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बदमाशों ने एक किसान से मारपीट कर उसे तमंचा दिखाकर सात हजार रुपए छीन लिए। इसके बाद बदमाश किसान के ट्रैक्टर में तोड़फोड़ करते हुए उसको डरा धमका कर मौके से फरार हो गए।

नांगल थाना क्षेत्र के जालपुर निवासी किसान जोगेंद्र सिंह ने अपने खेत पर सुल्तान नामक ट्रैक्टर चालक से मिल की मैली मंगाई थी। बीती रात करीब 9 बजे किसान जोगेंद्र सिंह मैली का भुगतान करने के लिये अपने खेत पर गया था। इसी दौरान पांच-छः बदमाश हाथ में तमंचा लेकर खेत पर पहुंच गए। सभी ने मारपीट करते हुए तमंचे का भय दिखाकर किसान की जेब में रखे सात हजार रुपए लूट और फोन छीनने का प्रयास किया, जिससे वह टूट गया। फोन को छोड़कर सभी बदमाश मौके से फरार हो गए। किसान ने इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची। पीड़ित किसान से पूछताछ कर वापस लौट आयी। इस मामले में पीड़ित किसान ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने का कोई प्रयास नहीं किया। आज सुबह पीड़ित किसान ने नांगल पुलिस को एक बदमाश के नामजद सहित कई के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### मामला रास्ते का विवाद : थाना प्रभारी

इस मामले में थाना प्रभारी सतेंद्र मलिक नें बताया कि मामला रास्ते के विवाद का था, लूट नहीं हुई है। सीओ नजीबाबाद नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# विद्यार्थियों का शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहा. सिक ज्ञान को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक भव्य शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्य डा. परवेज़ अहमद खान ने हरी झण्डी दिखाकर विद्यार्थियों को रवाना किया। इस भ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने मथुरा, वृंदावन, फतेहपुर सीकरी एवं आगरा के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया।



भ्रमण के दौरान मथुरा एवं वृंदावन में विद्यार्थियों ने निधिवन, श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारकाधीश मंदिर, रंगनाथ जी मंदिर, बाँके बिहारी मंदिर, यमुना घाट एवं प्रेम मंदिर जैसे पवित्र एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन कर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपरा को निकट से समझा। इन स्थलों ने विद्यार्थियों को आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों से भी परिचित कराया। इसके उपरांत आगरा में विद्यार्थियों ने विश्वविख्यात ताजमहल, आगरा का लाल किला एवं फतेहपुर सीकरी में बुलंद दरवाजा एवं जोधा बाई का किला जैसे ऐतिहासिक धरोहर स्थलों का भ्रमण किया, जहां उन्हें मुगलकालीन स्थापत्य कला, इतिहास एवं सांस्कृतिक विरासत की गहन जानकारी प्राप्त हुई।

इस सफल भ्रमण में कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार एवं प्रवक्तागण डॉ. एम.ए. खान, शिव कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह, दीपिका सिंह, मीनू कोठारी एवं खुशबू रानी का विशेष योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने पूरे भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए अनुशासन, सुरक्षा एवं शैक्षणिक उद्देश्यों का विशेष ध्यान रखा।

कालेज प्रबंधन एवं शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धाक, प्रेरणादायक एवं स्मरणीय सिद्ध हुआ। छात्रों ने इस अवसर के लिए महाविद्यालय प्रशासन एवं सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुस्लिम फंड ने गरीबों को बांटे कंबल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर की ब्रांच चांदपुर में गरीब परिवारों को सर्दी से बचाने का एक छोटा सा प्रयास करते हुए सैकड़ों कंबल बांटे गए।

इस अवसर पर मुस्लिम फंड बसी किरतपुर से पधारे मुंशी हसीनुद्दीन ने कहा कि जनपद भर में हमारी लगभग 10 ब्रांच हैं, जो समय-समय पर गरीब पारिवारों की विभिन्न प्रकार से मदद करती चली आ रही है। उन्होंने कहा कि हमारी ब्रांच समय-समय पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से भी गरीब परिवारों का इलाज करती चली आ रही हैं। आज का कंबल वितरण भी इसी मदद का एक अंश है। गरीब बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता उपलब्ध करा कर मदद करती रही है। जनरल मैनेजर शेख अकीलउद्दीन ने कहा कि मुस्लिम फंड बसी किरतपुर हमेशा ही गरीब परिवार की मदद करता रहा है। समय-समय पर गरीब परिवारों की विभिन्न प्रकार से मदद करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे फंड की ओर से गरीब परिवारों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए शिक्षण संस्थाएं खोली हुई है, जिनमें बेहतर शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है। चांदपुर में क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नाम से शिक्षण संस्थान चल रहा है। उनका कहना है कि कुछ स्थानों पर चिकित्सकों द्वारा गरीब परिवारों का निःशुल्क इलाज भी किया जाता है। ब्रांच इंचार्ज सैयद कौसर अली ने कहा कि हमारी ब्रांच सर्दियों में गरीब परिवारों को कंबल बांटने का काम करती है। साथ ही प्रति माह सैकड़ों गरीब परिवारों की विधवा महिलाओ को पेंशन देती है और गरीब बेटियों की शादियों में भी आर्थिक मदद करती है। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि मुस्लिम फंड बसी किरतपुर ने हमेशा ही गरीब परिवारों की मदद करने का काम किया है। उन्होंने मुस्लिम फंड बसी किरतपुर से पधारे मुंशी हसीनुद्दीन, जनरल मैनेजर शेख अकीलुद्दीन, उप प्रबंधक मरगूब अहमद का धन्यवाद किया।



## गरीब बेटियों की शादी में कर रहे आर्थिक मदद

इस अवसर पर मौहम्मद असलम पूर्व सभासद, मौहम्मद चांद, धर्मवीर सिंह, मौहम्मद कासिम, मौहम्मद जकी, मौहम्मद असलम, रामपाल सिंह, वकारुद्दीन, वसीम अहमद, अनस अहमद, अरफात, रिजवान अहमद, सैफ अहमद एवं समस्त स्टाफ मुस्लिम फंड ब्रांच चांदपुर उपस्थित रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभासद वजीउल हसन रिजवी ने की जबकि संचालन नदीम बख्त ने किया।

### एक नजर

## खो नदी किनारे बेसुध मिला नशेड़ी



**शेरकोट।** खो नदी के किनारे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक व्यक्ति को नशे की हालत में बेसुध पड़ा देख स्थानीय लोगों ने उसे मृत समझ लिया। देखते ही देखते यह खबर क्षेत्र में फैल गई और खो बैराज पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को उठाने का प्रयास किया तो व्यक्ति भाग खड़ा हुआ। उसके भागते ही कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली कि कोई अनहोनी नहीं हुई। वहीं पुलिस ने भी स्थिति को सामान्य बताया और लोगों से अपील की कि ऐसी किसी भी घटना में बिना पूरी जानकारी के अफवाह न फैलाएं। पुलिस का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरह बेसुध अवस्था में मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## संदेशों का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार




**बिजनौर।** रेडियो संदेश 89.6 और शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संस्था प्रवाह एनजीओ के बीच आपसी सहयोग (अनुबंध) संपन्न हुआ है। इस अनुबंध के अंतर्गत दोनों संस्थाएं स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को मिलकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। प्रवाह एनजीओ के प्रबंध निदेशक गगन दीप उपाध्याय ने बताया कि प्रवाह एनजीओ पूर्व से ही सामाजिक क्षेत्र में अनेक गतिविधियों का संचालन करता आ रहा है। संस्था समाज के प्रति समर्पण भाव से शिक्षा जागरूकता, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े कार्य निरंतर करती रही है। रेडियो संदेश 89.6 एफएम के साथ हुए इस अनुबंध से सामाजिक संदेशों को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार मिलेगा। रेडियो के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, शिक्षा का महत्व, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संदेश तथा जनहित से जुड़े कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे, जिससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 एवं प्रवाह एनजीओ के बीच हुआ आपसी अनुबंध पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रेडियो संदेश टीम से डॉ. अजय कुमार, सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, श्यामल मंडल, सारिका चौधरी तथा डॉ. शबनम कुरैशी, संग्राम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक



**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियानअंतर्गत ग्राम सेह में महिला आरक्षी धीरु देवी व शिवानी के द्वारा महिलाओं एवं ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। उन्हें महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट, लड़कियों के साथ छेड़छाड़, गुड टच बैड टच व साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया। यातायात संबंधी जानकारी भी दी गई। महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्याएं पूछी गई।

## अज्ञात वाहन ने पोल को टक्कर मारी



**नजीबाबाद।** बुंदकी मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने देर रात सड़क किनारे खड़े एक विद्युत पोल को टक्कर मार दी। इस घटना से पोल क्षतिग्रस्त हो गया और ग्राम पंचायत जालबपुर गुदढ की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यह घटना सुभाषनगर के निकट हुई। अज्ञात वाहन ने रात के अंधेरे में पोल को नुकसान पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त विद्युत खंभे के पास कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी बड़ी अनहोनी से बचा जा सका। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने क्षतिग्रस्त पोल को हटाकर नया विद्युत पोल स्थापित किया और बिजली आपूर्ति को सुचारू रूप से बहाल कर दिया।

## किसानों की समस्याओं पर चर्चा



**नजीबाबाद।** तहसील प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन प्रधान की मासिक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक दोपहर 12 बजे हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में किसानों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। इनमें किसानों की जमीन की फरद (खतौनी) से जुड़ी समस्याएं, राशन कार्ड न बनने की शिकायतें और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को पहुंचाए जा रहे नुकसान पर रोक लगाने की मांग प्रमुख थी। इसके अतिरिक्त, फसलों के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता और वन विभाग से संबंधित परेशानियों पर भी चर्चा की गई। बैठक का आयोजन भारतीय किसान यूनियन प्रधान के व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष रमोद कुमार के नेतृत्व में किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने इन मुद्दों पर अपने-अपने विचार रखे।

# लापरवाह तीस आशाओं का होगा निष्कासन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक में पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर अनुपालन पर चर्चा की गयी। जबकि मासिक समीक्षा बैठक में अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर जनपद की 30 आशाओं के निष्कासन की संस्तुति की गयी।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा एफआरयू, तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, सीएचओ द्वारा ई संजीवनी ओपीडी स्थिति विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी सीएचओ का प्रतिदिन औसत 10 से कम आता है तो उन पर आवश्यक कार्यवाही की जाए। आभा आईडी को लेकर चर्चा में जिलाधिकारी ने आभा आईडी की प्रगति बढाने के लिए एक अभियान चलाकर प्रत्येक आशा का प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। साथ ही ई कवच पर आभा आईडी तथा ई कवच पर सैम बच्चों को लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक में एचबीएनसी को लेकर भी चर्चा की गयी तथा रिपोर्टिंग के गैप को खत्म करने तथा जिम्मेदार आशाओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनक्यूएएस के अन्तर्गत आने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में निर्माण कार्यों एवं अन्य मानकों को लेकर खण्ड विकास अधिकारियों के साथ चर्चा की एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को इसको प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए। वीएचएसएनडी सत्र, आशा कलस्टर मीटिंग, वैक्सीन अपडेशन, जीरो वैक्सीनेशन पर भी चर्चा की गयी प्रस्तुति जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव राठौर द्वारा की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जनपद सम्भल की मासिक समीक्षा बैठक में अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर जनपद की 30 आशाओं के निष्कासन की संस्तुति की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डा. तरुण पाठक, कार्यवाहक सीएमएस डा. अजफर कमाल एवं समस्त एमओआईसी आदि मौजूद रहे।





सम्भल-भाजपा कार्यालय का घेराव करने जाते कांग्रेसियों को रोकती पुलिस एवं पुलिस के रोकने पर पुलिस व सरकार के विरोध में नारेबाज़ी करते कांग्रेसी।

# भाजपा कार्यालय का घेराव करने जाते कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

**कांग्रेसियों की पुलिस से हुई नोंकझोंक, धरने पर बैठने का करने लगे प्रयास, पुलिस के समझाने पर हुए शांत, कांग्रेसियों ने जमकर की नारेबाज़ी, कांग्रेस ओर भाजपा कार्यालय पर पुलिस बल रहा तैनात**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भाजपा कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी नेता विपक्ष राहुल गांधी जी को फर्जी केश में ईडी द्वारा फसाने, पिछले 10 सालों से लगातार विपक्ष पर इसी तरह की कार्रवाई करने जबकि उच्च न्यायालय द्वारा उसको झूठा करार देने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी पर बदले की भावना से इस तरह के केस में फंसवाने के विरोध में जिला/शहर के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय के घेराव करने जा रहे थ। कार्यकर्ता सम्भल बहजोई मार्ग पर स्थित कांग्रेस कार्यालय से निकले, वैसे ही पहले से तैनात पुलिस बल ने उन्हें रोक लिया। पुलिस के रोकने पर कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई और वे वहीं धरने पर बैठने का प्रयास करने लगे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की व कार्यकर्ताओं से पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस-प्रशासन पर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन करने से उन्हे रोकने का आरोप लगाया। इस दौरान हाजी आरिफ तुर्की ने कहा कि भाजपा सरकार की तानाशाही और डर की राजनीति का साफ सबूत है। पुलिस प्रशासन और भाजपा यह गलत फहमी न रहें कि दमन और दबाव से कांग्रेस की आवाज दबाई जा सकती है। कांग्रेस भाजपा की जनविरोधी नीतियों, लोकतंत्र की हत्या और संविधान पर हमले के खिलाफ पूरी मजबूती से संघर्ष करती रहेगी। सत्ता का अहंकार चाहे जितना बड़ा हो, कांग्रेस झुकेगी नहीं, रुकेगी नहीं और लड़ेगी। जबकि पुलिस का कहना था कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। नोकझोंक के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर जनविरोधी नीतियों का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भाजपा कार्यालय के बाहर और आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सदर कोतवाली पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एहतियातन अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया था ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। काफी देर तक चले हंगामे और नारेबाजी के बाद पुलिस के समझाने पर कांग्रेस कार्यकर्ता शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त किया। हालांकि, इस दौरान क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ी रही। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम मुशीर खान तरीन, डीके वाल्मीकि, संजीव कुमार साहू, सतपाल यादव, सुनील यादव, जयप्रकाश सहगल, मोअज्जम हुसैन, कोस्तुभ रस्तोगी, राशिद हुसैन, फुरकान कुरैशी, सोनू सागर, सुनील कुमार, इफ्तिखार हुसैन, इशरत जहां, रानी परवीन, फराह खान यासीन अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# आनंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने डीपीओ के खिलाफ मोर्चा खोला

**अभद्रता व अवैध वसूली के लगाए आरोप**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** डीपीओ के खिलाफ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मोर्चा खोल दिया। सड़क पर आयी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों जोरदार प्रदर्शन जमकर नारेबाजी की और अवैध वसूली और अभद्रता करने के आरोप लगाए।

गुरूवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कलैक्ट्रेट परिसर में पहुंची और प्रर्दशन व नारेबाजी करने लगी। प्रदर्शन कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आरोप है कि डीपीओ उन्हें अलग-अलग बुलाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं, अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं और अपने कथित सहयोगी कर्मियों के माध्यम से अवैध वसूली कराते हैं। कार्यकत्रियों का कहना है कि यदि डीपीओ के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे भूख हड़ताल शुरू करने को मजबूर होंगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि वर्तमान डीपीओ को तत्काल हटाया जाए और उनकी जगह



सम्भल- कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करती।

एक ईमानदार एवं निष्पक्ष अधिकारी की नियुक्ति की जाए, ताकि वे बिना डर और दबाव के अपना कार्य कर सकें। प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री सोमवती शर्मा, मिथलेश कुमारी व राजेश कुमारी ने कहा कि डीपीओ द्वारा बार-बार बुलाकर अभद्रता की जाती है और बेवजह परेशान किया जाता है। वहीं अवैध वसूली और धमकाने के आरोप लगाते हुए कहा कि लंबे समय से वे इस उत्पीड़न को झेल रही हैं। वहीं दूसरी ओर, डीपीओ महेश कुमार ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए उन्हें निराधार बताया है। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा खाद्यान्न वितरण में की जा रही अनियमितताओं की जांच कराई जा रही थी, इसी वजह से कुछ लोग आरोप लगा रहे हैं। डीपीओ ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल, मामला प्रशासन के संज्ञान में है और आगे की कार्रवाई को लेकर सभी की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हुई हैं।

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ब्लॉक बाल कल्याण एवं सरंक्षण समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास खण्ड बनियाखेड़ा सभागार में संपन्न हुई। समिति की बैठक में बालको को बाल संरक्षण एवं सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश पालन पोषण करने, बाल श्रम, बाल तस्करी बाल विवाह, परिवार की देख-रेख पाने, हिंसा व दुर्व्यवहार से बचने और संरक्षण पर चर्चा की गयी। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमन्त शर्मा द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण एवं कल्याण से जुडी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताते हुए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से नियमित समीक्षा हेतु कहा। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में संरक्षण अधिकारी तेजपालसिंह ने सरकार द्वारा बालकों एवं छात्राओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सहायक विकास अधिकारी नीरज कुमार ने बैठक के माध्यम से सभी सचिवों को निर्देश दिये

# देशभक्ति की अदभुत प्रेरक क्षमता से युक्त है वंदेमातरम

**वंदेमातरम के महत्व पर विचार किए व्यक्त**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के तत्वावधान में हरनाम प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज रघुनाथपुर सिलेटा में छात्र-छात्राओं अभिभावकों अध्यापकों तथा मंच के सदस्यों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया। वंदे मातरम के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

रघुनाथपुर सिलेटा में स्थित हरनाम प्रसाद कन्या इंटर कालेज में अभिभावकों, अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम महाकवि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित है। जो संपूर्ण देश में आस्था श्रृद्धा भक्ति उत्साह जोश के साथ गाया जाता है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के गायन से जितना गर्व गौरव और उत्साह का संचार 150 वर्ष पूर्व होता था उतना ही मान अभिमान गर्व और गौरव 150 वर्षों के बाद आज भी होता है। उन्होंने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को अद्भुत प्रेरक क्षमता वाला गीत बताया। हिंदू जागृति मंच के सुभाष चंद्र शर्मा, दुर्वेश सैनी, सुबोध कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का अर्थ भावार्थ और ऐतिहासिक महत्व बताते हुए वंदे मातरम को देश पर मर मिटने का प्रेरणा स्रोत बताया। सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। सतीश कुमार, धर्मेंद्र बाबू, उमेश राघव, यशपाल सिंह, कुमारी ममता, नवनीता, प्रीति पाल, कुमारी रूपा आदि ने बंकिम चंद्र चटर्जी का जीवन परिचय देते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को समर्पित अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधनाध्यापक तथा हिंदू जागृति मंच के जिला उपाध्यक्ष अमन सिंह ने की तथा संचालन दुर्वेश सैनी ने किया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-नगर पंचायत बबराला में होम कम्पोस्टिंग का निरीक्षण करते।

## होम कम्पोस्टिंग का किया निरीक्षण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत बबराला एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त सहयोग से वार्ड नंबर 12 लेखपाल कॉलोनी में संगीता के घर पर हो रही होम कंपोस्टिंग मॉनिटरिंग की गयी। जो रनिंग कंडीशन में पाया गया और उन्होंने बताया कि तरल खाद से पेड़,पौधों में अच्छी ग्रोथ हुई हैं । आईटीसी के कोऑर्डिनेटर करन सिंह ने बताया कि नगर में होम कंपोजिट की मक्नॅनिटरिंग की गई। नगर में कई स्थानों पर इसका निरीक्षण किया गया। सभी को सूखा व गीला कूड़ा अलग करने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा हैइस दौरान नगर पंचायत कर्मी भी मौजूद रहे।



गवॉं- ग्राम पंचायत मंडावली के मझरा शेरपुर में गंदगी के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## गंदगी के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**गवॉं ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** ब्लॉक रजपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंडावली के मझरा शेरपुर में पिछले कई महीनो से मुख्य मार्ग पर जल भराव है इससे आवागमन में लोगों को दिक्कत हो रही है मंगलवार को एकत्रित होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए विभागीय के आला अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई हैं और बताया कि गांव के नलों एवं बरसात का पानी बीच सड़क पर आकर जमा हो जाता है इसमें निकलने वाले स्कूली बच्चे समेत महिलाओं बुर्जुग एवं मेहमान गिरकर चोटिल हो रहे हैं जल भराव की समस्या गंभीर है गांव का एकमात्र मुख्य मार्ग है इस और सफाई का कोई धयान नहीं दिया जा रहा जमे हुए पानी से बीमारियां पैर पसार रही है बच्चे भी बीमार हो रहे हैं मुख्य मार्ग पर जल भराव मुक्त किया जाए इस मौके पर यशपाल शास्त्री, हरपाल, राजेश, धनीराम खेमपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# नकली खाद व कालाबाजारी पर सख्त निर्देशों की सराहना

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के निर्देशों पर जतायी खुशी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के कालाबाजारी करने वालों पर रासुका लगाने के निर्देशों की सराहना की है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेतावनी दी है कि प्रदेश में नकली खाद बेचने और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा है कि किसानों को खाद की कमी होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाब देही तय की जाएगी और लापरवाही या मिलीभगत सामने आने पर विजिलेंस जांच कराई जाएगी। उन्होंने डीएम, एडीएम और एसडीएम को खाद की दुकानों व सहकारी समितियों का नियमित व औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं और ओवररेटिंग किसी भी हाल में न होने को निर्देशित किया है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, इंदीवर सिंह, जूलियस सीजर, हर्षित वार्ष्णेय, उमेश चन्द्र आदि रहे।

## दोपहर को निकली धूप से मिली राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दो दिनों से भयंकर कोहरे में गलन भरी सर्दी से दूसरे दिन दोपहर निजात मिल सकी। दोपहर को निकली हल्की धूप का लोगों ने आनंद लिया और बाज़ार में रौनक बढ़ी।

## कल्किदेव तीर्थ समिति की बैठक में दिए निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हसनपुर से मंगरौला को जोड़ने वाले मार्ग के प्रस्ताव की जिलाधिकारी ने जानकारी लेकर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि कल्कि धाम एचौडा सड़क मार्ग के चौड़ीकरण पर लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी ने बताया कि विद्युत विभाग के एस्टीमेट अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है जिसको लेकर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को तत्काल स्टीमेट बनाते हुए लोक निर्माण विभाग को देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उप जिलाधिकारी सम्भल को कैला देवी में बनी गौशाला में चारा की मैपिंग कराने और नगर पालिका सम्भल के तहत सम्राट प्रथ्वीराज चौहान व महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा व 24 कौसी परिक्रमा विजन प्लान आदि पर भी चर्चा की।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर योजनाओं की दी जानकारी

**मदरसा जियउलउलूम में धूमधाम से मना अल्पसंख्यक अधिकार दिवस**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मदरसा जियाउल उलूम सरायतरीन संभल में अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर छात्र छात्राओं को शासन द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों ने सांस्कृतिक एवं खेलकूद के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मदरसा जियाउल उलूम सरायतरीन, जनपद संभल में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं के अभिभावक क्षेत्रीय सभासद, पूर्व क्षेत्रीय सभासद तफसीर आलम मदरसा स्टाफ आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले बच्चों को उ.प्र. शासन द्वारा अल्पसंख्यक विभाग समेत अन्य विभागों के माध्यम से अल्पसंख्यकों के संचालित विभिन्न



सम्भल-अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर मदरसे में बोलते मौ. मशकूर।

योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इन योजनाओं का लाभ अर्जित करने की प्रक्रिया बताई गई। बच्चों ने इस अवसर पर खेलकूद, चित्रकला, योगा आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम एवं खेलकूद, मुशायरा समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं के बाद सभी बच्चों को जलपान कराकर बिस्कुट एवं मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदरसा प्रबंधक श्री मु . खुर्शीद प्रधानाचार्य राशिद अली, वरिष्ठ शिक्षक नासिर अली खान, मुजीब खां, मु. अली खां, हाफिज मु. जाहिद, इकबाल खां, मु. रिजवान, जकी अशरफ, मु. दानिश, मु. हफीज फैजी, रहबर, लिपिक मु. मशकूर मु. सरफराज आदि ने मुख्य रूप से विचार रखे।

# नगर पंचायत ने अलाव जलवाकर दिलायी ठंडक से राहत

**धुआं रहित अलाव की कराई गई व्यवस्था**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**गवॉं।** बढ़ती सर्दी को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने शहर में अलाव की व्यवस्था शुरू कर दी है। हालांकि अभी कुछ प्रमुख स्थानों पर ही अलाव जलाए गए हैं। अगले कुछ दिनों में नगर में निर्धारित सभी स्थानों पर अलाव जलने की तैयारियां की जा रही है पिछले कुछ दिनों से सर्दी का प्रकोप तेज होने लगा है। इससे राहगीर परेशान हो गए। राहत प्रदान करने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने शहर के प्रमुख स्थानों पर धुआं रहित अलाव की व्यवस्था की है। नगर पंचायत प्रशासन सर्दी के मौसम में सार्वजनिक और प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करता आ रहा है। गुरूवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सर्वेश दिवाकर व भगवान दास दिवाकर व ईओ श्वतांक सारस्वत ने रैन बसेरे की व्यवस्था का निरीक्षण कर जिम्मेदारों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति खुले में न सोए। संबंधित व्यक्ति को रैन बसेरे लाया जाए। इसके साथ ही चिन्हित सभी स्थानों पर नियमित रूप से अलाव जलाया जाए।



गवां- नगर में जलवाए गए अलाव का निरीक्षण करते चेयरमैन पति।

# जीवन में खेलों की बड़ी उपयोगिता: नरेन्द्र कुमार

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।**विद्याकुंज इन्टरनेशनल स्कूल में बचपन के प्ले से लेकर यूकेजी तक के विद्यार्थियों का खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक कपिल गोयल,कार्तिक गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

सर्वप्रथम थाना प्रभारी बबराला नरेंद्र कुमार ने खेल प्रतियोगिता की मार्शल जलाकर खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कक्षा प्ले से कछुआ दौड़ में प्रथम स्थान पर ऋषभ गुप्ता द्वितीय स्थान पर विदित तृतीय स्थान पर आरना विजेता रही। वही कक्षा एनसी से बाल और रिंग रेस में प्रथम स्थान पर छवि यादव द्वितीय स्थान पर काव्य तथा तृतीय स्थान पर शिव विजेता रहे।उसके बाद एलके जी से प्रथम स्थान पर वेद द्वितीय स्थान पर अभिनंदन तृतीय स्थान पर काव्यांश विजेता रहे। खेल के आखिरी चरण पर हर्डल रेस में कक्षा यूकेजी के अदिति यादव प्रथम द्वितीय स्थान पर श्रेया यादव और तृतीय स्थान पर चिराग विजेता रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील शर्मा ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके कार्य की प्रशंसा की और उन्हें प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के समापन में थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया और जीवन में खेल क्या की क्या उपयोगिता है इसके बारे में भी बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक विनीता अग्रवाल सोनल शर्मा, श्वेता वार्ष्णेय, रुचि वार्ष्णेय श्वेता गुप्ता ,नव्या गुप्ता अंजलि, मीनाक्षी मिनोचा,कुमकुम, वर्तिका, समीक्षा, मीनाक्षी यादव, मीनल, रीता कमल, खदीजा शवनाज, रितुपर्णा अमित, मोहित, विशाल इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनीता अग्रवाल ने किया गया।




## बाल अपराधक के खिलाफ दिलायी शपथ

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** बाल अपराधों की रोकथाम और बाल विवाह एंव बाल मजदूरी व बाल तस्करी को रोकने के लिए लगातार जनपद सम्भल में जागकरूता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वाधाान में जनपद मे लगातार अलग-अलग स्थानो पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर बाल अपराध मुक्त भारत एवं बाल अपराध मुक्त जनपद सम्भल बनाने के लिए स्कूली बच्चों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसी कड़ी मे जिला प्रोवेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में बृहस्पतिवार को असलमपुर, लहरा कमगर के उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों में स्कूली बच्चों को शपथ दिलाकर बाल विवाह को रोकने का आहवान किया गया। साथ ही अन्य लोगों को भी इस बाल अपराध के खिलाफ जागरूक किया गया। संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बच्चों को बाल अपराधों के विषय में जानकारी देते हुए बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई और बताया की हमारे आसपास हो रहे किसी भी बाल विवाह की जानकारी संबंधित नंबरों जिसमें चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, पुलिस 112 पर देनी है। जिससे की 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर फील्ड कोऑर्डिनेटर सिराज अहमद विद्यालय के इंचार्ज निजामुद्दीन ,मुसर्रत जहां, शाहरुख, अकीउल्लाह खा, सपना, आगनवाड़ी आवादेवी, नीरू, सरला देवी, मुमताज बेगम, सुनीता देवी, मरियम ,सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ईओ एवं चेयरमैन ने किया अलाव व रैन बसेरे का निरीक्षण

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** नगर पंचायत चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने नगर में कड़ाके की ठंड व शीत लहर के चलते नगर में जगह-जगह चौराहे व अन्य स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। जिससे किसी को भी ठंड के चलते परेशानी न उठानी पड़े इसी के चलते नगर पंचायत ने एक रैन बसेरे की व्यवस्था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कर रखी है जो कोई भी बाहर से आने वाला मुसाफिर रात के समय परेशान न हो और वह रैन बसेरे में आकर ठहर सकता है। ई ओ व चैयरमेन ने निरीक्षण किया।

# पीली कोठी चौराहे के पास स्कूली छात्रों के दो गुटों में हुई जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में पीली कोठी चौराहे के पास स्कूली छात्रों के बीच हुई मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मामूली कहासुनी के दौरान शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते उग्र हो गया और छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय वहां मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश भी की, लेकिन छात्र इतने उग्र थे कि उन्होंने एक-दूसरे को बेरहमी से पीटना जारी रखा। मारपीट के दौरान



कुछ छात्रों को चोटें आने की भी सूचना है। घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल फोन से रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि छात्र एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं और आसपास खड़े लोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस प्रशासन भी हरकत में आ गया है। थाना सिविल लाइंस पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और वीडियो के आधार पर छात्रों की पहचान की जा रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यदि किसी पक्ष की ओर से तहरीर मिलती है तो आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूल प्रशासन से भी संपर्क कर छात्रों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर स्कूली छात्रों में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सरकार की सिनेमाघरों के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नवीन मल्टी प्लेक्स निर्माण एवं सिनेमाघर/मल्टीप्लेक्स के उच्चीकरण के लिए समेकित प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय ने बताया कि जिले में बंद पड़े एवं चालू सिनेमाघरोंके स्वामी/लाइसेंसी/प्रबंधक अथवा संचालक या अन्य इच्छुक व्यक्ति/फर्म या कंपनी इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे सिनेमाघर जो बंद पड़े हैं अथवा घाटे में चल रहे हैं उनको पूर्ण रूप से तोड़कर उनके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त लघु क्षमता के सिनेमा हॉल सहित व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण, पुराने बंद पड़े अथवा संचालित सिनेमाघरों के भवन की आंतरिक संरचना में परिवर्तन कर पुनः संचालित होने वाले सिनेमाघर, बंद पड़े एकल सिनेमाघरों में बिना किसी आंतरिक संरचना में परिवर्तन किए यथास्थिति में पुनः संचालित करने वाले सिनेमाघर, व्यवसायिक गतिविधियों सहित अथवा रहित न्यूनतम 75 आसान क्षमता के एकल स्क्रीन सिनेमाघर के निर्माण एवं सिनेमाघर/मल्टीप्लेक्स का उच्चीकरण हेतु यह योजना संचालित है। शासन स्तर से जारी इस संबंध में दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी या अन्य सहयोग एवं सहायता के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर ( पूर्व में मनोरंजन कर विभाग) कलेक्ट्रेट परिसर मुरादाबाद में संपर्क किया जा सकता है।

## एक नजर

### छत से सामान हटाने को कहने पर हुई मारपीट में महिला घायल

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** छत से सामान हटाने को कहने पर मारपीट हो गई जिसमें महिला को चोटे आई महिला के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव पैगंबरपुर सुखवासी लाल निवासी फरमान पत्र सुल्तान का कहना है कि 16 दिसंबर की शाम को करीब 4:00 बजे उसकी मां खुर्शीदा ने पड़ोस में रहने वाले फरजंद पुत्र अली हुसैन से अपनी छत पर रखा सामान ईंट व पाइप हटाने के लिए कह दिया तो फरजंद व इसकी पत्नी नरगिस कशिश और सुहैल ने ईट पत्थर फेंकने शुरू कर दिए खुर्शीदा ने इसका विरोध किया तो इन सभी लोगों ने गाली गलौज करते हुए लोहे की रॉड से खुर्शीदा पर हमला कर दिया। जिससे उसके माथे पर गहरा जख्म हो गया लोग इकट्ठा हुए तो यह जान से मारने की धमकी देकर चले गए पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर मां को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया पुलिस ने इस संबंध में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लिफ्ट देकर बाइक पर बैठाया, फिर ले गया गलत राह, पुलिस में शिकायत



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर की शिव विहार कॉलोनी निवासी महिला उमरी कला के नर्सिंग होम में काम करती है वह रात करीब 6:30 बजे अपनी ड्यूटी के लिए कांठ से चली और रेलवे फाटक पर सवारी का इंतजार करने तभी पहाड़मऊ गांव निवासी सुमेश बाइक से आया और उसने उमरी जाने की बात कह कर महिला को बाइक पर बैठा लिया। लेकिन बाइक जैसे ही नवादा गांव के पास पहुंची उसने बाइक को लाडलाबाद की ओर जाने वाले रास्ते पर मोड़ दिया महिला ने मना किया तो उसने बाइक की रफ्तार तेज कर दी।

महिला जान की परवाह न करते हुए बाइक से कूद गई इसके बाद बाइक सवार महिला को धमकी देकर भाग गया। पीड़ित महिला थाने पहुंची और उसने बाइक चालक के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### शहर में भारी वाहनों की नो-एंट्री के समय में किया गया बदलाव



**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से भारी वाहनों की नो-एंट्री व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन किया गया है। यह निर्णय सर्दी के मौसम में बढ़ती ठंड और घने कोहरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि यातायात संचालन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार द्वारा जारी सूचना के अनुसार, अभी तक मुरादाबाद महानगर में भारी वाहनों की नो-एंट्री का समय प्रात: 05:30 बजे से रात्रि 23:30 बजे तक निर्धारित था। लेकिन मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए अब इस समय में बदलाव किया गया है।नए आदेश के तहत दिनांक 17 दिसंबर से मुरादाबाद महानगर क्षेत्र में भारी वाहनों की नो-एंट्री का समय प्रात: 06:00 बजे से रात्रि 23:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान किसी भी भारी वाहन को शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।यातायात पुलिस ने वाहन चालकों, ट्रांसपोर्टरों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वह संशोधित नो-एंट्री समय का पालन करें और यातायात नियमों का सहयोग करें। पुलिस प्रशासन का कहना है कि नियमों का पालन करने से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

# कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में भाषा उत्सव का किया गया आयोजन



**मुरादाबाद।** शहर के डिप्टी गंज चौराहा स्थित कौसल्या कन्या इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में जनपद स्तरीय भारतीय भाषा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय भाषाओं, संस्कृति और विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश देना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कोठीवाल डेंटल कॉलेज के डायरेक्टर के.के. मिश्रा एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक सतनाम शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारतीय भाषाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषाएं देश की सांस्कृतिक धरोहर होती हैं और इन्हें सहेजना हम सभी का दायित्व है।उत्सव के अंतर्गत पोस्टर, निबंध, भाषण, कुकिंग और नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें माध्यमिक शिक्षा परिषद एवं सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# त्रिपक्षीय वार्ता में अधिकारियों ने दिए किसानों के सवालों के सटीक जवाब, वार्ता सकुशल संपन्न

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** एसडीएम की अध्यक्षता में आज भारतीय किसान यूनियन और सरकारी विभाग के अधिकारियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें किसान यूनियन के नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह हरदीप सिंह दर्शन सिंह सियाराम सिंह आदि ने किसानो की समस्याओं को लेकर पूर्व में दिए गए ज्ञापनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की अधिकारियों ने किसानों के हर सवाल का सटीक जवाब दिया बिजली समस्या पर एसडीओ ने कहा कि बिजली की समस्याओं के लिए बहुत बडा बजट स्वीकृत हुआ है जिससे सभी खराब खंबे और बंच केवल बदले जाने हैं कुछ समय बाद यह सारी समस्याएं खत्म होने वाली है और फिलहाल कि यदि कोई समस्या है तो उन्हें नोट काराये जिसका वह समाधान करने का प्रयास करेंगे।



गन्ने का भुगतान होने के कारण गन्ने की कोई समस्या बैठक में नजर नहीं आई नहरो का पानी टेल तक पहुंचाने की बात पर अधिकारियों ने भारतीय किसान यूनियन को मोबाइल से खिंचे फोटो भी दिखा दिए भले ही मौके पर नहर में पानी का स्तर आधा है।

लेकिन कुल मिलाकर उन्होंने इस समस्या का भी समाधान दिखा दिया अन्य विभागों के अधिकारियों ने भी किसानो की समस्याओं से संबंधित सवालों के जवाब देकर सबको संतुष्ट कर दिया। कुल मिलाकर किसान यूनियन ने अधिकारियों से कहा कि किसानों की सभी समस्याओं का समाधान यदि तीव्र गति से किया जाए तो इस तरह की वार्ताओं की जरूरत ही ना पड़े। बैठक के दौरान मोहल्ला पट्टी वाला और घोसीपुरा को निकलने वाले मार्ग पर चलने वाले ट्रैक्टर ट्राली डंपर आदि को लेकर भी मोहल्ले के लोगों ने सवाल खड़े किए कहा कि इस मार्ग पर कई स्कूलों के बच्चे दोपहर में निकलते हैं और उस वक्त अक्सर दुर्घटना होने के आशंका बनी रहती है इसके लिए पुलिस कोई माकूल व्यवस्था करें जिससे वहां पर किसी प्रकार की दुर्घटना न होने पाए। बैठक में एसडीएम संत दास पवार चौधरी ऋषिपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी या प्रतिनिधि एवं किसान मौजूद रहे।

# टिमिट में टीडीएस/टीसीएस में हुआ जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पुनीत कुमार, आयकर आयुक्त, लखनऊ के निर्देशानुसार को ज्योत्सना देवी, अपर आयकर आयुक्त (टी.डी.एस.), बरेली के नेतृत्व में सुनील कुमार, आयकर अधिकारी (टी.डी.एस.), मुरादाबाद एवं अभय कुमार मिश्रा, आयकर अधिकारी (टीडी एस), बरेली के द्वारा टिमिट-कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट, तीर्थंकर महावीर विश्व. विद्यालय, मुरादाबाद में टीडीएस/ टीसीएस जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) एसोसिएशन के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्यगण, बार एसोसिएशन के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।







उक्त कार्यक्रम के माध्यम से टीडीएस/टीसीएस से जुड़े आयकर के प्रावधानों से अवगत कराया व स्रोत पर कर कटौती में आने वाली समस्याओं को सुना और उनका निराकरण भी किया गया। संगोष्ठी में स्रोत पर कर कटौती के उपरांत दाखिल की जानी वाली विवरणियों व कर कटौती की समय सीमा व उनके उल्लंघन से आरोपित की जाने वाली शास्ति अभियोजन कार्यवाहियों को गहन रूप में बताया गया। इसके अतिरिक्त आयकर अधिकारियो द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि आयकर अधिनियम, 2025 की धारा 397 (3)(एफ) के मद्देनजर, वित्तीय वर्ष 2018-19 (तिमाही 4), वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2022-23 (तिमाही 1 से तिमाही 4) और वित्तीय वर्ष 2023-24 (तिमाही 1 से तिमाही 3) के लिए सुधार विवरण केवल 31 मार्च 2026 तक ही स्वीकार किए जाएंगे। 01.04.2026 के बाद ये समय सीमा से बाहर हो जाएंगे। 31.03.2026 के बाद इन्हें अन्य हितधारकों जैसे कटौतीकर्ताओं, संग्राहकों आदि से स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा आयकर से संबंधित अन्य समस्याओं को सुना एवं उनका निराकरण भी किया गया। इस आयोजित कार्यशाला के दौरान सुनील कुमार, आयकर अधिकारी (टीडीएस), मुरादाबाद, अभय कुमार मिश्रा, आयकर अधिकारी (टीडीएस), बरेली, बिद्युत दास (निरीक्षक), सी. पी. यादव (निरीक्षक, बरेली), तेजपाल सिंह (आशुलिपिक), मनोज कुमार (आशुलिपिक), इरफान अहमद (कर-सहायक) एव पुष्कर चहल (विविध कार्य कर्मचारी) सी.ए. संदीप वेश, सी.ए. गौरव अग्रवाल, प्रो. विपिन जैन (डीन- फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट), आदि मौजूद रहे।

# जिले में यूरिया की भरपूर उपलब्धता जिला कृषि अधिकारी ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में रबी फसलों में गेंहू की बुवाई का कार्य लगभग समाप्ति की ओर है एवं गेंहू की फसल में यूरिया के छिड़काव का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिस हेतु जनपद में 38711 मी. टन यूरिया की उपलब्धता कराते हुए सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों।के माध्यम से अब तक 19872 मी. टन यूरिया का वितरण कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त जनपद में 18839 मी. टन यूरिया अभी भी अवशेष है तथा प्रतिदिन औसतन 200 मी. टन यूरिया सड़क मार्ग से भी आपूर्ति कराया जा रहा है। जनपद में लगभग सभी सक्रिय सहकारी समितियों पर यूरिया की उपलब्धता है और यूरिया की कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी रिटेलर्स को नियमानुसार जोत के आधार पर पीओएस मशीन के माध्यम से निर्धारित दर (266.50 रू / बैग) यूरिया की बिक्री कराने हेतु आदेशित किया गया है। जिला कृषि अधिकारी डा. राजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जनपद में यदि किसी भी सहकारी अथवा निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र पर अधिक दर पर उर्वरक वितरण अथवा टैगिंग की शिकायत पायी जायेगी तो संबंधित विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 3/7 के अर्न्तगत कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि कृषक अपनी फसल में कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों / कृषि वैज्ञानिकों द्वारा संस्तुत दर के अनुसार ही यूरिया तथा अन्य उर्वरकों का प्रयोग करें। अधिक मात्रा में उर्वरक के प्रयोग से जहां एक ओर कृषक पर आर्थिक बोझ पड़ता है वहीं दूसरी ओर मृदा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। जनपद में यदि किसी भी सहकारी अथवा निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र पर अधिक दर पर उर्वरक वितरण अथवा टैगिंग की जा रही हो तो जिला कृषि अधिकारी, मुरादाबाद के मो.नं. 7839882748 अथवा सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता, मुरादाबाद के मो.नं. 8868089133 पर फोन कर जानकारी दें।

# बिना फिटनेस सड़कों पर दौड़ रहे कामर्शियल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** जिले में आठ हजार कामर्शियल वाहन बिना फिटनेस के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। पिछले दो साल के भीतर चार हजार कामर्शियल वाहनों की फिटनेस की अवधि खत्म हुई है। इन वाहनों से बालू, गिट्टी, मिट्टी आदि ढोए जा रहे हैं। अब परिवहन विभाग इन वाहनों पर शिकंजा कसने की तैयारी में जुटा है।मुरादाबाद जिले में साढ़े सात लाख से अधिक वाहन हैं। इसमें 50 हजार वाहन कामर्शियल हैं। आठ हजार कामर्शियल वाहनों की फिटनेस अवधि खत्म हो गई है। इसमें आधे से अधिक वाहनों की फिटनेस दो साल पहले खत्म हो चुकी थी।वाहन मालिकों ने अभी तक फिटनेस नहीं कराया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने फिटनेस खत्म होने वाले वाहनों के मालिकों को फिर से फिटनेस कराने के लिए कई बार पत्र भेजकर सूचित किया। इसके बावजूद वाहन मालिकों ने फिटनेस नहीं कराया। बिना फिटनेस के वाहनों का संचालन होने से परिवहन विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। परिवहन विभाग के अनुसार वाहनों की फिटनेस अवधि खत्म होने पर रिकवरी नोटिस, आरसी निलंबित करने का भी प्रावधान है।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हमीद द्वारा संस्था मस्जिद उस्मान ऐ गनी इन्तेजामिया कमेटी, ग्राम साहूपुर पो0 कोठी खिदमत, तह0 कांठ, जिला मुरादाबाद का सदर दर्शात हुये सस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. हमीद- सदर, 2. रजाउददीन नायब सदर, 3. मौहम्मद बुन्दू मुतावल्लवी/मोहतमिम 4. आजम अली खजान्ची, 5. गुलफाम, 6. फईम खां, 7. मोहम्ममद आलम सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0 रजि0एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र नकुल कुमार को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में नकुल कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**रविंद्र कुमार पुत्र लल्लू सिंह व श्रीमती संतरेश देवी पत्नी रविंद्र कुमार निवासीगण फलैदा ईसापुर फतेहपुर बिश्नोई तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# शरारती तत्वों ने तोड़ दिए स्कूल में लगे पौधे और गमले प्रधानाध्यापक ने की थाने में शिकायत

**कांठ ( शाह टाइम्स )** शरारती तत्वों ने स्कूल में लगे पौधे और गमलों को तोड़ दिया प्रधान अध्यापक ने छजलैट थाने में



शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थाना छजलैट क्षेत्र के गांव मथाना में कंपोजिट विद्यालय है जहां पर पर्यावरण सुरक्षा एवं सौंदर्य करण के लिए पौधे लगाए गए थे उनकी सुरक्षा के लिए ईंटो के गमले बनाए गए लेकिन कुछ लोगों ने उन पेड़ों को नुकसान पहुंचाते हुए गमलों को तोड़ दिया प्रधानाध्यापक का कहना था की छुट्टी के बाद कुछ शरारती तत्व विद्यालय में आते हैं तथा विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जाल से पत्थर बरामदे में फेंकते हैं जिससे कमरों में बनी नक्षत्र शाला तथा लैब को भी नुकसान पहुंचने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने विद्यालय की सुरक्षा और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग करते हुए थाने में तहरीर दी है।

# थार की टक्कर से मरी बालिका के मामले में आया नया मोड़, कहा पुलिस ने आरोपियों को पहुंचाया लाभ

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** थार की टक्कर से मरी बालिका के मामले में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब मृतका मिस्टी के पिता ने पुलिस पर आरोपियों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए उप जिला अधिकारी को तहसील जाकर प्रार्थना पत्र देते हुए इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की।

दोपहर को विवेक सैनी दर्जन भर महिला और पुरुषों के साथ तहसील पहुंचा और उसने थाना प्रभारी निरीक्षक पर आरोपियों को लाभ पहुंचाए जाने का आरोप लगाया। उसका कहना था कि 14 दिसंबर को शाम 5:00 बजे थार गाड़ी सवार युवको ने उसकी



लड़की को जान से मारने की नीयत से टक्कर मार दी उसकी बेटी चबूतरे पर खड़ी थी जो नीचे गिर गई गाड़ी चालक ने पहले तो पैर पर गाड़ी चढ़ाई और बाद में आगे पीछे कर दोबारा सर पर गाड़ी चढाकर उसको कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थार चालक ने भागने का प्रयास किया तो वहां मौजूद लोगों ने उन्हें पकड़ लिया बताया गया कि गाड़ी का चालक अब्दुल्ला के साथ-साथ उसमें दो युवक और बैठे थे बेटी के मरने की जानकारी मिली तो वह सदमें से बेहोश हो गया पीड़ित ने पुलिस पर उसकी बेसुध हालत में पहले से लिखी तहरीर पर हस्ताक्षर कराने और आरोपियों को थाने से छोड़ दिए जाने का भी आरोप लगाया ओर गहनता से जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की। उधर पीड़ित पक्ष ने डीआईजी को भी प्रार्थना पत्र देकर इस मामले में न्यायोचित कार्रवाई की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है।

# एकतरफा प्यार के चलते दो मासूम भाइयों की हत्या, आरोपी फरार

## मासूमों की बहन से शादी की जिद पर अड़ा था आरोपी, शादी से इंकार करने पर दिया वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद संभल में एकतरफा प्यार और शादी के दबाव से उपजे विवाद ने दो सगे मासूम भाइयों की जिंदगी छीन ली। डी-फार्मा के छात्र द्वारा पहले अपहरण और फिर निर्मम हत्या की इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी थाना धनारी क्षेत्र के गांव मझोला की एक युवती से शादी करने की जिद पर अड़ा था और इसी रंजिश के चलते उसने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवती से एकतरफा प्रेम करता था और इसी सिलसिले में वह पहले युवती के घर पहुंचा था, जहां उसने हंगामा किया। इस दौरान युवती और उसके पिता ने उसकी पिटाई कर दी थी। इसी अपमान से आहत होकर आरा.



मृतक अमरपाल का फाइल फोटो।



मृतक कमल का फाइल फोटो।



हत्या का आरोपी धर्मवीर।

पी ने युवती के दोनों भाइयों को जान से मारने की धमकी दी थी, जिसे परिजनों ने गंभीरता से नहीं लिया। यहां यह भी बताया जा रहा है कि आरोपी युवती का मौसेरा भाई है। बता दें कि मृतक अमरपाल (14) और कमल (10) निवासी गांव मैथरा धर्मपुर, थाना बहजोई क्षेत्र के निवासी थे। दोनों बच्चे 26 नवंबर 2025 को अपनी ननिहाल गांव मझोला, थाना धनारी क्षेत्र से बारात में शामिल होने के लिए पिकअप वाहन से निकले थे। रास्ते में उनका मौसेरा भाई धर्मवीर (24) पुत्र नेपाल, निवासी ग्राम सरेरा जिला बदायूं, उन्हें बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद दोनों बच्चे रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर थाना धनारी पुलिस को सूचना दी गई। पिता की तहरीर पर मौसेरे भाई धर्मवीर के खिलाफ अपहरण की नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। लापता होने के चौथे दिन पुलिस ने एक बच्चे का शव बरामद किया, जबकि दूसरे भाई का शव 17 दिन बाद मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की हत्या की पुष्टि हुई है। एएसपी संभल दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने बताया कि दोनों बच्चों का अपहरण कर उनकी हत्या की गई है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस और एसओजी की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। आरोपी अभी फरार है, जिसे शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।



विलाप करते माता-पिता।

# नव निर्मित पुलिस चौकी गागन तिराहा का एसएसपी ने किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने क्षेत्राधिकारी बिलारी के साथ थाना मैनाठेर क्षेत्र अंतर्गत नव निर्मित पुलिस चौकी गागन तिराहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पुलिस चौकी में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा अभिलेखों की गहनता से समीक्षा की।एसएसपी ने चौकी परिसर की साफ-सफाई, कार्यालय व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, बिजली, पानी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा जनता के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसएसपी सतपाल अंतिल ने कहा कि नव निर्मित पुलिस चौकी का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने चौकी प्रभारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित गश्त की जाए।



संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के बाद एसएसपी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और पुलिस चौकी को जनता के विश्वास का केंद्र बनाने के निर्देश दिए।

# जातिवाद व जनसमस्याओं को लेकर आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव एडवोकेट राजकुमार यादव ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**ठाकुरद्वारा।** जातिवाद, सामा. जिक भेदभाव एवं आमजन से जुड़ी मूलभूत समस्याओं को लेकर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रदेश सचिव एडवोकेट राजकुमार यादव ने नगर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज भी समाज का बड़ा तबका जातिगत भेदभाव और प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। एडवोकेट राजकुमार यादव ने कहा कि दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, शोषित एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की लगातार अनदेखी की जा रही है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों पर सरकारें पूरी तरह विफल साबित हो रही हैं और सरक. ारी योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह गई हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने एक केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के साथ की गई कथित अभद्रता के मामले को उठाते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में बैठे व्यक्तियों से मर्यादित और संवैधानिक आचरण की अपेक्षा की जाती है। महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार का अपमानजनक व्यवहार अस्वीकार्य है। प्रदेश सचिव ने मांग की कि ऐसे मामलों में संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप सख्त कार्रवाई की जाए तथा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आजाद समाज पार्टी लोकतांत्रिक आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगी। प्रेस वार्ता में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में एडवोकेट राज. कुमार यादव ने जनता से एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। इसी दौरानजिला प्रभारी वेदपाल सिंह विधानसभा अध्यक्ष शमशाद हुसैन, जिला उपाध्यक्ष अशोक सागर, हाजी जाकिर, शिव कुमार , आदि मौजूद रहे।




ठाकुरद्वारा। आजाद समाज पार्टीकाशीराम के प्रदेश सचिन प्रेस वार्ता करते।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में मो. असद व समीर रहे प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** मुस्लिम इंटर कॉलेज में गुरुवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय महाविद्यालय फतेउल्ला गंज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. रविंद्र कुमार एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य लोकमत सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में इंटरमीडिएट स्तर के कुल 50 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परिणामों में मो. असद एवं समीर ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अल्फेज अंसारी एवं मो. जैद संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अमसताना एवं मो. रिहान को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डॉ. हरिकेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। सामान्य ज्ञान के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि ज्ञान ही वह शक्ति है जो व्यक्ति को सही दिशा और समाज को ऊर्जा प्रदान करती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. रुबीना सराह एवं डॉ. गिरिजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर मुस्लिम इंटर कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवती का अपहरण करना चाहता था कैब चालक, 100 की स्पीड में चलती कार से कूदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा से युवती के साथ हुई एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। ऑफिस से घर लौटते समय कैब बुक करना युवती के लिए उसके जीवन का इतना डरावना सपना बन जाएगा, उसने सोचा नहीं था। घर जाते समय उसका सामना एक ऐसे ड्राइवर से हुआ, जिसका इरादा कुछ और ही था।

ऑफिस से निकलने के कुछ देर बाद ही युवती को महसूस हो गया था कि वह गलत रास्ते पर जा रही है। इस बात के लिए जब उसने ड्राइवर को टोका तो उसने युवती की बात को अनसुना कर दिया। हालात तो तब बिगड़ गए जब ड्राइवर ने उससे फोन छीनने की कोशिश की। बाद में बात इतनी बढ़ गई कि युवती को चलती गाड़ी में कूदना पड़ा। 30 नवंबर को रात के 11:40 बजे के आस-पास युवती ने ऑफिस से घर जाने के लिए कैब बुक की। कैब बुक करने के कुछ ही देर में एक यूपी के नंबर वाली गाड़ी ऑफिस के बाहर आ पहुंची। युवती के कैब में बैठने के कुछ देर तक सब सही था, लेकिन अचानक युवती ने महसूस किया कि ड्राइवर ने गलत रास्ते पर गाड़ी घुमा ली है। जानकारी के अनुसार, ड्राइवर ने सेक्टर-62 के अंडरपास के बदले दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते की तरफ गाड़ी मोड़ी थी। ऐसा होने पर युवती को ड्राइवर के इरादों पर थोड़ा शक हुआ। युवती ने हिम्मत दिखाते हुए ड्राइवर से रास्ता बदलने का कारण पूछा लेकिन ड्राइवर ने उसकी बात को बिल्कुल अनसुना कर दिया और उसी दिशा में गाड़ी चलाता रहा। युवती बार-बार गाड़ी रो. कने के लिए ड्राइवर से बोलती रही लेकिन उसने नहीं रोक और गाड़ी की स्पीड और बढ़ा दी। इसी बीच उन दोनों के बीच कहा सुनी हो गई। साथ ही युवती ने जब शोर मचाने का प्रयास किया, तो इस पर भी युवती को ड्राइवर ने धमकी देकर डराने का प्रयास किया। इतना ही नहीं जब युवती ने फोन निकालकर पुलिस से संपर्क करने का प्रयास की, तब ड्राइवर उसका फोन छीनने लगा। इतना सब होने के बाद युवती का ड्राइवर की नीयत को लेकर शक यकीन में बदल चुका था। युवती ने बहुत हिम्मत के साथ खुद को बचाने के लिए योजना बनाई। जैसे ही गाड़ी की स्पीड थोड़ा धीरे हुई, वह गाड़ी से कूद गई और जैसे-तैसे अपनी जान बचाई।

# हाईवे पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन

## हाईवे को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चलेगा अभियान, एसडीएम पुलिस और पालिका की टीम ने हटवाया हाईवे का अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलार।** हाईवे पर अतिक्रमण हटाने के लिए पालिका की टीम के अलावा प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। अतिक्रमण हटाने को लेकर एसडीएम बिलारी ने सख्त रूख अपनाया है। जिसके चलते हाईवे पर अवैध ई रिक्शा, ऑटो चालक, बस खड़ा करने वालों की अब खैर नहीं है। सभी के खिलाफ अभियान चलेगा। उसको लेकर एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, कोतवाली पुलिस की टीम व पालिका की अधिशासी अधिकारी और नगर पालिका की टीम ने नगर से अतिक्रमण हटाया और अतिक्रमण कारियों को सख्त चेतावनी भी दी। गुरुवार को सवेरे के समय एसडीएम विनय कुमार सिंह ने पालिका की अधिशासी अधिकारी, पालिका अध्यक्ष के अलावा ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी आदि की बैठक ली। बैठक के बाद उन्हें निर्देशित किया कि हाईवे पर अवैध ई रिक्शा, ऑटो चालक आदि नहीं खड़े होंगे। इसके अलावा बसों और डग्गामार वाहन भी सड़कों पर नहीं खड़े होंगे, ठेला संचालकों को हाईवे पर खड़ा होने नहीं दिया जाएगा।

हाईवे पर होने वाले अतिक्रमण और, दुर्घटनाओं को लेकर यह निर्णय लिया गया, साथ ही समस्त अधिकारियों को चेताया कि हाईवे पर किसी भी हाल में अतिक्रमण न करने दिया जाए। अवैध ई रिक्शा चालकों को हाईवे पर ना आने दिया जाए। सभी को सख्त हिदायत देने के लिए एसडीएम ने अधिकारियों को टाइट किया कहा कि सभी अभियान में पुरजोर तरीके से सहयोग करेंगे।



इसको लेकर दोपहर बाद एसडीएम विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, पालिका की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह,कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह, पुलिस बल, पालिका की टीम नगर में हाईवे पर घूमी। जहां ठेला संचालकों के अलावा दुकान स्वामियों को निर्देशित किया कि वह हाईवे पर किसी भी हाल में अतिक्रमण न करें। इसके अलावा हाईवे पर बनाए गए नाले को अतिक्रमण मुक्त रखें ताकि वाहन चालकों को किसी तरह की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े। एसडीएम बिलारी सख्त मूड में दिखाई दिए।

इसके साथ ही नगर में भी अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाने को लेकर पालिका की टीम सचेत हो गई। पालिका की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने कहा कि किसी भी हाल में नगर में अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। एसडीम विनय कुमार सिंह ने कहा कि सभी सोमवार तक अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा लें उसके बाद सख्त अभियान चलेगा। किसी भी हाल में कोई लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# एसआईआर को लेकर भाजपाइयों ने की समीक्षा

**ठाकुरद्वारा।** भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक वोटर लिस्ट की विशेष गहन परीक्षण की समीक्षा के लिए गुरूवार को आयोजित की गई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के बूथ लेबर अधिकारियों (बीएलओ), भाजपा के बूथ लेवल 2 (बीएलए), बूथ अध्यक्ष तथा भाजपा के सेक्टर संयोजकों को कई बूथों की जानकारियां प्राप्त की। वक्ताओं ने विदेश में रहने वाले मतदाताओं के वोट बनाने की प्रक्रिया को भी समझाया और भाजपा कार्यकर्ता को विशेष ग्रहण प्रशिक्षण में बूथ लेवल अधिकारियों को हर संभव सहयोग करने का आहवान किया। विशेष गहन परीक्षण एसआईआर की समीक्षा बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, धर्मेंद्र कुमार पाल, जितेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति, संजीव कुमार चौहान, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, पवन पुष्पद इकराम कुरैशी, डॉक्टर आफताब हाशमी, सागर अग्रवाल, तथा सरकारी बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहे।

# किसानों ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के सिरसवा दोराहा पर भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें उन्होंने धार्मिक स्थल सिरसवा दोराहा दरगाह के पास बिजली के पोल न लगाने। बेरखेड़ा चक पर धान क्रय केंद्र पर सूरज गुप्ता द्वारा खरीदारी में धांधली को लेकर उन्हें हटाने। ग्राम पंचायत महेशपुर खेम भगतपुर में रास्ते में ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी डालने का विवाद एवं पशुओं में फैल रही बीमारी की रोकथाम को लेकर टीकाकरण कराने की मांग। ग्राम मिलक कांकरखेड़ा निवासी व्यक्ति द्वारा झूठा मुकदमा लिखवाने की साजिश के मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार को किसान नेताओं ने ज्ञापन देकर शीघ्र ही सभी समस्याओं के निस्तारण की मांग की। वहीं किसानों की समस्याओं का जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया गया इस दौरान भारी संख्या में किसान और पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# साई करुणा धाम में नि:शुल्क नेत्र एवं दंत चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरुवार को साई करुणा धाम, दीनदयाल नगर, मुरादाबाद में एक चेरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं दंत चिकित्सा शि. विर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।शिविर में मुरादाबाद शहर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह से ही मरीजों की भीड़ देखने को मिली। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों की आंखों और दांतों की गहन जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी दी गई।नेत्र जांच शिविर के दौरान कुल 244 लोगों की नि:शुल्क आंखों की जांच की गई। जांच में 49 जरूरतमंद मरीजों को दृष्टि दोष पाए जाने पर नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए। इसके अलावा 40 मरीजों को मोतियाबिंद से पीड़ित पाया गया, जिन्हें चिन्हित कर उनके नि:शुल्क ऑपरेशन कराए जाने की व्यवस्था की गई है।



आयोजकों ने बताया कि इन मरीजों का शीघ्र ही सहयोगी अस्पताल में ऑपरेशन कराया जाएगा, जिससे उन्हें बेहतर दृष्टि मिल सके।दंत चिकित्सा शिविर के अंतर्गत मरीजों के दांतों की जांच कर दंत रोगों की पहचान की गई तथा उन्हें दंत स्वच्छता, नियमित जांच और उचित उपचार के बारे में जागरूक किया गया। डॉक्टरों ने दांतों की देखभाल से संबंधित उपयोगी सुझाव भी दिए। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज सेवा की भावना से आयोजित किए जाते हैं। ताकि गरीब एवं असहाय वर्ग तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंच सकें। स्थानीय नागरिकों और लाभार्थियों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए आयोजकों और चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त किया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ मुख्यालय/ मुरादाबाद द्वारा **ई-टेन्डर** निम्न टेन्डर संख्या के अर्नतगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चौक, डिपाजिट रसीद आदि स्वी कार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 258-DRM-MB-25-26 Dt. 18.12.2025 |
| Name of work | Rebuilding of Bridge No 23 (3x1.52 Mtr), 34 (3x1.53 mtr) on BE-CH section and br no 40 (1x2.44) on MB-CH section with RCC box under ADEN/CH |
| Tender Closing Date Time | 09.01.2026 |
| Advertised Value ₹ | 1,73,88,278.39 |
| Earnest Money ₹ | 2,37,000.00 |
| Tender Cost ₹ | 00 |
| Bidding Start Date | 26.12.2025 |
| Period of Completion | 06 Month |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 18.12.2025

3910/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जनपद न्यायालय निर्माण के लिए भूमि का बैनामा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनपद संभल का गठन बसपा शासनकाल में वर्ष 2011 में हुआ था। लंबे समय से जनपद न्यायालय के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि की तलाश की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है। जहां जनपद न्यायालय का निर्माण प्रस्तावित है, उस भूमि का गुरुवार को विधिवत बैनामा संपन्न कराया गया। जनपद न्यायालय के निर्माण हेतु थाना बहजोई क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर डाल स्थित किसानों भूशंकर पुत्र बनवारी लाल, दिनेश पुत्र रामप्रकाश एवं अनिल पुत्र रामप्रसाद की लगभग 16 बीघा भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित किया गया।

बैनामा कराने के लिए तीनों विक्रेता चन्दौसी स्थित उपनिबंधक कार्यालय पहुंचे, जहां जनपद न्यायाधीश डॉ. विदुषी सिंह की उपस्थिति में विक्रय पत्रों की औपचारिकताएं पूर्ण की गईं। जनपद न्यायाधीश के उपनिबंधक कार्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत फूलों के बुके भेंट कर किया गया। वहीं उपनि. बंधक कार्यालय के रजिस्ट्रार मनीष कुमार सिंह द्वारा तीनों विक्रेताओं को फूलों की माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया।





उन्होंने कहा कि जनपद न्यायालय के निर्माण के लिए भूमि विक्रय करना एक सराहनीय कार्य है, जिससे जनपद को महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर तहसीलदार रवि सोनकर, लेखपाल सचिन मित्तल, लेखपाल शिवओम शर्मा, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, चमन, अर्दली सहित अन्य तहसील एवं राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत

**अमदाबाद में बुमराह की होगी वापसी, संजू का खेलना तय, सीरीज का आखिरी मैच आज**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा।

भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी-20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फार्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी-20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों आलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है।

भारत- अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

दक्षिण अफ्रीका- रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, मिलर, डोनोवान फेरेरा, जार्ज लिंडे, यानसेन, कार्बिन बाश, लुंगी एनगिडी, ओटेनिल बार्टमैन।

## शुभमन गिल चोटिल हुए या दिया गया आराम

**टीम के उपकप्तान गिल के बाहर होने पर फैंस ने दी प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से बाहर रहने पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। गिल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। गिल पैर की अंगुली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि गिल को ये चोट ट्रेनिंग सत्र के दौरान लगी थी। हालांकि, गिल के बाहर होने पर फैंस सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इन्होंने सवाल उठाए हैं कि क्या वाकई गिल चोटिल हुए हैं या उन्हें ड्रॉप किया गया है। गिल को इससे पहले टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी और उन्होंने टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी की थी। गिल को कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गिल इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी नहीं खेले थे। टी-20 सीरीज के लिए गिल को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था।

# भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 260 सैंपल पॉजिटिव

**● जिन देशों में 5000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे पॉजिविटी रेट है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2024 में लगातार तीसरी बार डोपिंग मामलों में दुनिया में पहले नंबर पर रहा। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के 260 सैंपल डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए, जो किसी भी देश से सबसे ज्यादा हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब भारत 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलिंपिक की मेजबा. नी के लिए भी दावेदारी पेश कर चुका है। इसी साल जुलाई में जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल लाजेन गया था, तब इंटरनेशनल ओ. लिंपिक कमेटी (ओआईसी) ने भारत में डोपिंग की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई थी। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 2024 में कुल 7,113 डोपिंग टेस्ट किए। इनमें 6,576 यूरिन और 537 ब्लड सैंपल शामिल थे। इन टेस्ट में 260 मामले पाजिटिव निकले, यानी डोपिंग की दर 3. 6प्रतिशत रही। जिन देशों में 5,000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। नाडा नाडा का कहना है कि डोपिंग के ज्यादा मामले सामने आना खिलाड़ियों में डोपिंग बढ़ने की वजह से नहीं, बल्कि सख्त जांच और बेहतर टेस्टिंग सिस्टम के कारण है। नाडा के मुताबिक, पहली नजर में ये आंकड़े चिंता. जनक लग सकते हैं, लेकिन असल में ये भारत के मजबूत एंटी-डोपिंग प्रयासों और ज्यादा टेस्टिंग का नतीजा हैं। नाडा ने बताया कि 2023 में कुल 5,606 सैंपल की जांच की गई थी, जिनमें 213 केस पौंजिटिव पाए गए। वहीं 2025 में अब तक 7,068 टेस्ट किए जा चुके हैं, लेकिन पॉजिटिविटी रेट घटकर सिर्फ 1. 5प्रतिशत रह गया है और 110 मामले ही सामने आए हैं। इससे साफ है कि टेस्टिंग बढ़ने के साथ डोपिंग पर नियंत्रण भी हुआ है। डोपिंग रोकने के प्रयास जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खेलों में कुछ गहरी समस्याएं हैं। इनमें वैज्ञानिक रिसर्च की कमी और कोच, डाक्टर व फिजियोथेरेपिस्ट को दवाओं और सप्लीमेंट्स की सही जानकारी न होना शामिल है। इससे डोपिंग के मामले सामने आते हैं। डोपिंग रो. कने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने नया एंटी-डोपिंग पैनल बनाया है और सरकार ने नेशनल एंटी-डोपिंग बिल पास किया है। नाडा ने 2024 में 280 जागरूकता वर्कशाप कराईं, जिनमें करीब 37 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 'नो योर मेडिसिन' ऐप पर अब तक 2. 4 लाख बार सर्च किए जा चुके हैं।

**खेल विशेष**

## मैच रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा

**नई दिल्ली।** भारत-साउथ अफ्रीका मैच कोहरे के कारण रद्द होने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा है। मुकाबला 17 दिसम्बर को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टास भी नहीं हो सका। वहीं, थरूर के अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में इंटरनेशनल मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट फैन लखनऊ में इंडिया और साउथ अफ्रीका मैच शुरू होने का व्यर्थ ही इंतजार कर रहे हैं। उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में घने कोहरे और 411 एक्यूआई के कारण विजिबिलिटी इतनी खराब है कि क्रिकेट मैच संभव नहीं है। उन्हें बीसीसीआई यह मैच तिरुवनंतपुरम में आयोजित करना चाहिए था, जहां एक्यूआई लगभग 68 है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में होने वाला इंटरनेशनल क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है। दरअसल इसकी वजह कोहरा या फाग नहीं, स्माग है। हमने जो पार्क लखनऊ की शुद्ध हवा के लिए बनवाए थे, भाजपा सरकार वहां भी इंवेटबाजी करवाकर उन्हें बर्बाद करना चाहती है। भाजपाई न इंसान के सगे हैं, न पर्यावरण के। मुंह ढक लीजिए कि आप लखनऊ में हैं। दर्शक बोला कि तीन बोरा गेहूं बेचकर मैच देखने आए मैच के रद्द होने से दर्शकों में काफी नारा. जगी और आक्रोश है। उन्होंने पैसा वापस करने की मांग की। एक दर्शक ने बताया कि हम तीन बोरे गेहूं बेचकर मैच देखने आए हैं, हमार टिकट का पैसा वापस करो। कई अन्य दर्शकों ने भी इसी प्रकार की मांग रखी।

## विश्वनाथ आनंद बने द हॉस्टल कंपनी के ब्रांड एंबेसडर



**विश्वनाथन आनदं को देश के सबसे बड़े बैकपैपर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

इस अवसर पर द हॉस्टल कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पलाश गोयल ने कहा कि विशी सर शायद हमारे मुख्य कस्टमर न हों, लेकिन वह आधुनिक भारतीय मिलेनियल का प्रतिनिधित्व करते हैं - फोकस्ड, टैलेंटेड, और फिर भी बाहर निकलने, मजे करने और घूमने से नहीं डरते। इस साझेदारी के जरिए, हमारा मकसद भारत के बैकपैकर हॉस्टल्स में विश्वास और जागरूकता लाना है, एक ऐसा क्षेत्र जिस पर पारंपरिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा है। वहीं विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यात्रा ने शतरंज के बोर्ड पर और उससे बाहर भी मेरे नजरिए को व्यापक बनाया है। मैं द हॉस्टल कंपनी के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हूं, एक ऐसा ब्रांड जो पूरे भारत में यात्रा को सुरक्षित, किफायती और अनुभवों से भरपूर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोवा, ऋषिकेश, कसोल और वर्कला जैसे जगहों पर 200 से अधिक वेरिफाइड बैकपैकर हॉस्टल्स के साथ, द हॉस्टल कंपनी 250 रुपये से शुरू की थी।

# अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

**● फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लेम खिताब व 22 टूर्नामेंट जीते**



**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नए साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नए कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया कि हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।


### पाक ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने अगले वर्ष 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्वकप और जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए उन्नीस साल के मध्यमक्रम के बल्लेबाज फरहान यूसुफ की अगुवाई में 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की है। आईसीसी के अनुसार, पाकिस्तान अंडर-19 टीम अभी दुबई में एसीसी अंडर19 एशिया कप में खेल रही है, जहां ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने के बाद शुक्रवार को सेमीफाइनल में बंगलादेश से भिडेंगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट का फाइनल 21 दिसम्बर को होगा।

## वेस्टइंडीज ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ, वार्ता।** विंडीज ने सलामी बल्लेबाज जोशुआ की अगुवाई में अगले वर्ष जिम्बाब्वे व नामीबिया में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाबवे और नामीबिया में खेला जाएगा। डोर्न ने पिछले वर्ष ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पर्दापण किया था। जोनाथन को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं। आईसीसी के अनुसार, 15 सदस्ईय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 2025 के क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं और अंतर्राष्ट्रीय तैयारी सीरीज के दौरान प्रभावित किया।

## पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में फ्लेमेंगो को हराकर जीता फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब



**दोहा, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फ्लेमेंगो को शूटआउट में हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब अपने नाम किया। यह पीएसजी की इस वर्ष की छठी ट्रॉफी है। अल रेयान में अहमद बिन अली स्टेडियम में बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन ने फ्लेमेंगो के साथ हुए मुकाबले में अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद शुरु हुए पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी ने फ्लेमेंगो को 2-1 से हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीत लिया। यह इस साल उनकी छठी बड़ी ट्रॉफी जीती। इससे पहले उन्होंने लीग 1, कूप डी फांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप के खिताब जीते है। पीएसजी के लिए पहला गोल ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने 38वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ब्रेक के बाद फ्लेमेंगो ने जवाबी हमला करते हुए जोर्जिन्हो ने 62वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियंस को बराबरी पर ला दिया। इस दौरान दोनों ने मौके बनाए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। पीएसजी सामान्य समय के आखिर में गोल के करीब पहुंचा, लेकिन फ्लेमेंगो के गोलकीपर ऑगस्टिन रॉसी ने उन्हें रोक दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मैच में पकड़ बनाई

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (54) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 14) की जुझारू पारी के दम पर तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को 371 को स्कोर बनाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के 213 के स्कोर पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इंग्लैंड अभी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 158 रन पीछे है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए क्रीज पर टिके हुए है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ विकेट पर 326 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट 348 के स्कोर पर मिचेल स्टार्क (54) के रूप में गिरा।

92वें ओवर की पहली गेंद पर जोफ आर्चर ने नेथन लायन (नौ) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 371 के स्कोर पर अंत कर दिया। इंग्लैंड के लिए जोफ आर्चर ने पांच विकेट लिए। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स को दो-दो विकेट मिले। जॉश टंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 71 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। जैक क्रॉली (नौ), ऑली पोप (तीन), बेन डकेट (29) और जो रूट (19) रन बनाकर आउट हुए। हैरी ब्रूक और कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 37वें ओवर में कैमरून ग्रीन ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे हैरी ब्रूक का शिक. ार कर लिया। हैरी ब्रूक ने 63 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। जेमी स्मिथ (22), विल जैक्स (छह) और ब्राइडन कार्स बिना खाता खेले ही पेवलियन लौट गए। 168 पर आठ विकेट गिरने के संकट के समय बल्लेबाजी करने आए जोफ आर्चर ने स्टोक्स के साथ मोर्चा संभाला। बेन स्टोक्स ने बहादुरी से मुकाबला किया, 151 गें. दों का सामना किया और चार घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए, लेकिन कप्तान को मैदान पर ज्यादा साथ नहीं मिला। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 213 रन बना लिए है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ आर्चर (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिस ने तीन विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड और नेथन लॉयन को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। मैच के दौरान स्निको को लेकर भी काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी को लेकर अपनी निराशा साफ कर दी। इंग्लैंड क्रिस गैफेनी, तीसरे अंपायर, से नाराज थे, जिन्होंने पहले दिन एलेक्स कैरी के आउट न होने के विवाद के बाद, रियल-टाइम स्निकोमीटर के सबूत के आधार पर जेमी स्मिथ को कमिस की गेंद पर कैच आउट दिया था। स्मिथ कुछ देर पहले ही अजीब हालात में आउट होने से बचे थे, गैफेनी ने फैसला किया था कि गेंद उनके हेलमेट से लगी थी, जबकि टीवी तस्वीरों से लग रहा था कि गेंद ग्लव्स से लगी थी, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया ने तर्क दिया था (हालांकि गेंद स्लिप पर उस्मान ख्वाजा तक पहुंची थी या नहीं, यह एक अलग मामला था)।



**● मैच के दौरान स्निको को लेकर काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी लेकर अपनी निराशा साफ कर दी**

# टॉम लेथम और कॉन्वे के शतक, न्यूजीलैंड 334/1

**● कप्तान टॉम लेथम ने 137 और कॉन्वे ने नाबाद 178 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (137) और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 334 का स्कोर खड़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से शुरुआत की और पहले आठ ओवर में सिर्फ 11 रन बनाए। हवा और पिच दोनों से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। लंच ब्रेक के बाद दोनों ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे किए। लगभग 20 मिनट तक बारिश की वजह से खेल रुका रहा, लेकिन इससे न्यूजीलैंड की लय नहीं टूटी। कॉनवे ने कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर अपना छठा टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज पहले दो सत्र में एक भी मौका नहीं बना पाई और लंच के बाद वाले सेशन में एक भी मेडन ओवर नहीं हुआ। इसी दौरान लैथम ने सीरीज का अपना दूसरा शतक बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह बिना विकेट वाला दिन रहेगा। रोच ने दूसरी नई गेंद से 87वें ओवर में लैथम को आउट करके सफलता दिलाई, जिसमें रॉस्टन चेज ने फर्स्ट स्लिप पर शानदार कैच पकड़ा। टॉम लेथम ने 246 गेंदों में एक छक्का और 15 चौके लगाते हुए 137 रनों की शतकीय पारी खेली।

# 8.40 करोड़ में बिके आकिब की दिलचस्प दास्तां

**● बारामूला जिले के तेज गेंदबाज को पिता डाक्टर बनाना चाहते थे, परीक्षा भी दी, दिल्ली के लिए खेलेंगे**



**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को आईपीएल आक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 8. 40 करोड़ रुपए में खरीदा। इस सफलता के पीछे आकिब की मेहनत के साथ उनके परिवार का भी अहम योगदान रहा। आकिब के पिता गुलाब नबी डार ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि उनका सपना था कि बेटा डाक्टर बने। इसी वजह से आकिब ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए परीक्षा भी दी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गए। इसके बाद उन्होंने दोबारा परीक्षा देने से इन्कार कर दिया और क्रिकेट को ही अपना करियर बनाने का फैसला किया, जो आज उन्हें आईपीएल तक ले आया। नबी ने बताया कि आकिब पढ़ाई में भी अव्वल था। उसने आठवीं और दसवीं कक्षा में जोनल लेवल पर टॉप किया था और 12वीं में साइंस स्ट्रीम चुनी। पढ़ाई के साथ-साथ वह बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेलता रहता था। 12वीं के बाद जब वह गांव से कॉलेज की पढ़ाई के लिए बारामूला गया, तो उसका फोकस क्रिकेट पर और बढ़ गया। गुलाब नबी ने कहा कि उन्होंने बेटे से बस इतना कहा था कि अगर क्रिकेट ही खेलना है, तो पूरी मेहनत और ईमानदारी से खेलो। आकिब की एक बहन भी है, जिसने साइंस से पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है। गुलाब नबी ने कहा कि आक्शन के वक्त घर में जश्न का माहौल था। पिछले दो-तीन सालों से आकिब डोमेस्टिक क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, इसलिए उन्हें भरोसा था कि कोई न कोई टीम उसे जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा रकम की उम्मीद थी, लेकिन जो भी मिला, अल्लाह की मेहरबानी है और वही उनके लिए बेहतर है। इस रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बालर आकिब अपनी सटीक यार्कर और बेहतरीन लेंथ के लिए पहचाने जाते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में आकिब ने 7 मैचों में 15 विकेट झटके थे। वहीं 29 साल के आकिब रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन के पहले फेज में 29 विकेट के साथ दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ सिद्धार्थ देसाई हैं, जिनके नाम 35 विकेट हैं। दिलीप ट्रॉफी के इस सीजन में आकिब ने इतिहास रच दिया। वे टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इसके साथ ही उन्होंने 1979 के फाइनल में कपिल देव द्वारा बनाए गए तीन गेंदों पर तीन विकेट (हैट्रिक) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नार्थ जोन की ओर से ईस्ट जोन के खिलाफ खेलते हुए आकिब ने 28 रन देकर 5 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के साथ वे दिलीप ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाजों कपिल देव और साईराज बहुतुले की सूची में शामिल हुए और चार लगातार विकेट लेकर उनसे भी आगे निकल गए। दो आईपीएल टीमों के नेट बालर रहे आकिब इससे पहले दो आईपीएल टीमों के साथ नेट बालर की भूमिका निभा चुके हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और एसआरएच के लिए नेट बालर रहे हैं।

## शूटिंग लीग ऑफ इंडियाः यूपी फ्रेंचाइजी की यूपी प्रोमेथियंस शामिल

**● अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फ्रेंचाइजी की घोषणा हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शूटिग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) ने गुरुवार को अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले अपने पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस को लीग में शामिल करने की घोषणा की। यहां इस अवसर पर लीग में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए, एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि हमें शूटिग लीग ऑफ इंडिया परिवार में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश में खेल की अपार क्षमता है और एक मजबूत शैक्षिक और विकासात्मक दर्शन वाली फ्रेंचाइजी के आने से लीग को बहुत फायदा होगा। बुनियादी ढांचे और शिक्षा के माध्यम से अवसर पैदा करने की मुकेश शर्मा की प्रतिबद्धता एसएलआई के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। एक स्थाई इकोसिस्टम बनाना जो प्रतिभा को पोषित करे, युवाओं को प्रेरित करे, और भारतीय शूटिग को अगले स्तर पर ले जाए। लीग में प्रवेश को लेकर फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस के मालिक मुकेश शर्मा ने कहा कि शूटिग भारत के सबसे मजबूत ओलंपिक खेलों में से एक है और उत्तर प्रदेश में इस सफर में बहुत बड़ी भूमिका निभाने की प्रतिभा और क्षमता है।

यूपी प्रोमेथियंस के जरिए, हमारा मकसद एक स्ट्रक्चर्ड, प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म बनाना है जहां एथलीटों को सही इंफ्रास्ट्रक्चर, कोचिग और कॉम्पिटिटिव एक्सपोजर के साथ सपोर्ट मिले। शूटिग लीग ऑफ इंडिया इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और मुझे इस पहले सीजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।

# भाजपा कार्यालय घेराव से पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट, कांग्रेस ने लगाए तानाशाही के आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** गुरुवार सुबह सदर थाना कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार चौकी अंतर्गत कोतवाल नगर में उस समय सियासी हलचल तेज हो गई, जब भाजपा कार्यालय के घेराव से पहले ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।

बताया गया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा बाइक रैली निकालकर बुद्धि विहार स्थित भाजपा कार्यालय के घेराव की सूचना पुलिस को पहले ही मिल गई थी। इसी के चलते एहतियातन भारी पुलिस बल की तैनाती की गई।सुबह से ही पुलिस टीम विनोद गुम्बर के आवास पर तैनात रही।

कुछ ही देर बाद सीओ कोतवाली सुनीता दहिया, एसीएम फर्स्ट, सदर थाना कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह तथा बुध बाजार चौकी इंचार्ज सुनीता चौधरी भारी पुलिस बल के साथ उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर और पार्टी कार्यकर्ताओं ने मौके पर मौजूद एसीएम फर्स्ट को एक ज्ञापन सौंपा।

मुरादाबाद जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के विरोध में जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस का आरोप है कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकार प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है और यह लोकतंत्र के खिलाफ है।जिला अध्यक्ष विनोद गुम्बर के आह्वान पर पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, पार्षद, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष और विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी एकत्र हुए। सभी कार्यकर्ता संगठित रूप से भाजपा कार्यालय की ओर रवाना हुए, लेकिन वहां तैनात पुलिस बल ने उन्हें



रोक लिया। मौके पर पहुंची सीओ कोतवाली और एसीएम को कांग्रेस नेताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा।कांग्रेस नेताओं ने इस कार्रवाई को तानाशाही करार देते हुए कहा कि सरकार डर के माहौल में विपक्ष की लोकतांत्रिक गतिविधियों को कुचलना चाहती है, जिसे पार्टी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

# खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में बच्चों ने योग कला का किया भव्य प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा युवा केन्द्र, साई मन्दिर रोड दीनदयालनगर, मुरादाबाद में मुरादाबाद खादी महोत्सव-2025 दिनांक 15.12.2025 से दिनांक 24 12:2025 तक आयोजन किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी परिसर में आज गंगा आरोग्य धाम के द्वारा 'फीट इंडिया योग' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गंगा आरोग्य धाम के बच्चों ने योग कला का भव्य प्रदर्शन एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस कार्यकम के मुख्य अतिथि श्री ओमप्रकाश गोला प्रजापति (50 माटीकला बोर्ड अध्यक्ष उ0प्र0 सरकार) के कर कमलों द्वारा दीप प्रचलित कर उद्घाटन किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा उनको धर्खा एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि निदेशक बजत, मुरादाबाद भी उपस्थित रहे।

गंगा आरोग्य धाम की संस्थापिका डॉ0 महजबी परवीन जो कि प्राकतिक चिकित्सा एवं योग विशेषज्ञ है। डॉक्टर महजबी परवीन ने कहा कि हर किसी के जीवन में खुशियां एवं स्वास्थ्य बहुत ही महत्वपूर्ण होता है हमारी संस्था बिना किसी जाति धर्म और संप्रदाय के भेदभाव के गरीब बच्चो को योग सिखाने का कार्य करता है तथा ला इलाज बीमारियो को प्राकतिक चिकित्सा के माध्यम से सही करने का कार्य करता है। हमारे पूरे मण्डल में कई ऐसे बोगगुरु है जो निस्वार्थ रुप



से अपनी सेवाएं दे रहे है। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 महजबी परवीन द्वारा किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी, सत्यवीर सिंह चौहान द्वारा इस कार्यक्रम की बहुत अधिक प्रशसा की और खुद भी बताया कि उनके द्वारा भी प्रतिदिन योग किया जाता है। मुख्य अतिथि के साथ-साथ जन्य सम्मानित अतिथियो एवं रामस्त छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के उपरान्त खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में आये लोगों द्वारा अधिक संख्या में खरीदारी कर अपने परिवार के अन्य लोगो की मी खरीदारी करने के लिये प्रेरित किया जैसे की माटीकला के बने उत्पाद एवं बनारस की सिल्क साड़ी, राजस्थान बीकानेर का अधार नमकीन तथा मुरादाबाद मण्डल से आये स्टाल से शहद गुड शक्कर खांदी वस्त्र जैविक खाद आदि उत्पापद भी कय किये गए।

# नागरिक सुरक्षा कोर की ओर से दिया जा रहा प्रशिक्षण





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र के दूसरे दिन आज प्रशिक्षण से पूर्व नीरज चक, उपनियंत्रक के साथ सभी उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों ने इतनी शक्ति हमें देना दाताष सर्वधर्म समभाव की प्रार्थना गायी। तत्पश्चात सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) द्वारा पहले सेशन में अग्नि त्रिकोण और दहन के सिद्धांत के बारे में बताया गया।

दूसरे सेशन में नीरज चक, उपनियंत्रक द्वारा आग बुझाने की विधि एवं उपकरणों के बारे समझाया गया। दूसरे दिन के अंतिम सेशन में सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक द्वारा आग का वर्गीकरण, लगने के कारण एवं बचाव पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त विवेक यादव एवं अखिल अग्रवाल मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने में प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, खालिद, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता, वसीम आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# 16वें नवागत चौकी प्रभारी का वेद मंत्रों से किया स्वागत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रामलीला कमेटी कांशीराम नगर ने एक परम्परा बनायी रखी है कि पुलिस चौकी कांशीराम नगर में जो भी चौकी प्रभारी आते हैं उनका डा प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में विधिवत स्वागत व सम्मान किया जाता है।

तीन दिन पूर्व ही 16वे नवागत चौकी प्रभारी अमीतानंद पुलिस चौकी कांशीराम नगर आये । आज रामलीला कमेटी और अन्य समाजिक संगठनों के सदस्य पुलिस चौकी में एकत्रित हुए। आर्य समाज के मंत्री रमेश आर्य ने ईश् वंदना मे गायत्री मंत्र सहित अन्य वेद मंत्रो का उच्चारण किया गया तद्परांत फूल माला पहनाकर और सम्मान चित्र देकर सुखद् दायित्व निर्वहन की प्रार्थना की। इस अवसर पर डा प्रमोद शर्मा, राजकुमार शंखवार, रमेश सिंह आर्य,डा फूल सिंह, राजीव विश्नोई, विनीत मलिक, नरसिंह गंगवार, रविराय,वीनू चौधरी,मोंटी गुर्जर, ध्यान सिंह सतीश चौहान सैनी,गौरव पाल, अंतरसिंह, युसुफ सैफी, रोी. हताश पाल,टी पी सिंह पुनीत पाल, हरिराज पाल अमृत अग्रवाल,अशोक यादव,फत्तेह सिंह, नितेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### इंसानियत सेवा समिति ने बिहार के मुख्यमंत्री से माफी व इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**मुरादाबाद।** इंसानियत सेवा समिति (ट्रस्ट) की ओर से एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में बिहार राज्य में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान घटित एक घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की गई है। समिति के अनुसार, उक्त कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सार्वजनिक मंच पर नुसरत परवीन नामक महिला के मुंह से कपड़ा हटाया जाना अत्यंत अशोभनीय, आपत्ति. जनक और निंदनीय कृत्य है।इंसानियत सेवा समिति का कहना है कि एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति से इस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा नहीं की जा सकती। यह घटना न केवल महिला सम्मान के खिलाफ है, बल्कि हमारे संविधान में निहित समानता, गरिमा और मौलिक अधिकारों की भावना के भी विपरीत है। समिति ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी महिला के सम्मान के साथ खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं है, विशेषकर तब, जब ऐसा कृत्य सार्वजनिक मंच पर और एक मुख्यमंत्री जैसे उच्च पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा किया गया हो।समिति ने इस पूरे प्रकरण की घोर निंदा करते हुए मांग की है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सार्वजनिक रूप से नुसरत परवीन से माफी मांगें। साथ ही, उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की भी मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि इस तरह की घटनाओं पर सख्त रुख नहीं अपनाया गया, तो समाज में गलत संदेश जाएगा और महिलाओं की गरिमा पर आघात पहुंचेगा।इंसानियत सेवा समिति ने राष्ट्रपति से इस मामले में संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### खत्री हितकारिणी सभा ने 230 बच्चों को वितरित किए स्वेटर

**मुरादाबाद।** गुरुवार को खत्री हितकारिणी सभा की ओर से समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय सेरुआ धर्मपुर, विकास क्षेत्र व जनपद मुरादाबाद तथा उससे जुड़े दो आंगनवाड़ी केंद्रों के लगभग 230 बच्चों को स्कूल ड्रेस के स्वेटर वितरित किए गए। ठंड के मौसम में जरूरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभा के पदाधिकारियों और सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार टंडन (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), महेंद्र कुमार महरोत्रा (अध्यक्ष) के साथ ही अनूप कुमार खन्ना, राजेश खन्ना, राकेश कुमार टंडन, राहुल खन्ना, मुकेश टंडन, डॉ. एच. के. खन्ना, जय श्री खन्ना, नीलू खन्ना सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। सभी ने बच्चों को स्वेटर पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलू भटनागर ने खत्री हितकारिणी सभा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामा. जिक कार्यों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि ठंड के मौसम में स्वेटर मिलने से बच्चों को विद्यालय आने में सुविधा होगी।कार्यक्रम की व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने में विद्यालय की अध्यापिकाओं एवं अध्यापकों रीता चौधरी, सुषमा देवी, पूजा देवी, सुमन देवी, रेनू, मृदुला तथा पान सिंह का भी विशेष योगदान रहा। अंत में सभा के पदाधिकारियों ने भविष्य में भी इस तरह के सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प लिया।



### स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश बहजोई व नरौली में नगर अध्यक्षों की घोषणा

**चन्दौसी।** स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में गुरुवार को मोहल्ला शोभा नगर, पुराना बाजार बहजोई में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर कार्यकारिणी गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष कुमार राजवर द्वारा कुमारी रितु चौहान को बहजोई नगर अध्यक्ष घोषित किया गया। इसी क्रम में स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष कुमार राजवर के नरौली नगर आगमन पर मोहल्ला मनसा देवी, नरौली में भी एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर कार्यकारिणी गठन पर चर्चा के उपरांत सर्वसम्मति से हरिओम वाल्मीकि को नरौली नगर अध्यक्ष घोषित किया गया। बैठक में विशाल वाल्मीकि, अनिल राधे गुड्डू, कैलाश चंद चटवाल, शिवकुमार (पूर्व सफाई नायक), गणेश शंकर वाल्मीकि, अर्जुन, मुरारी, राजेश कुमार, गुल्लन वाल्मीकि, राजीव वाल्मीकि, गुलशन (सफाई नायक), बॉबी वाल्मीकि, सुभाष वाल्मीकि, मनोज, कमल मदनलाल वाल्मीकि सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत किया बालिकाओं को जागरुक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत गुरुवार को पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही 'मिशन शक्ति 5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# उच्चीकृत कस्तूरबा विद्यालय में शिक्षिकाओं की तैनाती न होने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शैक्षिक सत्र अपने अंतिम चरण में है। जनवरी माह में यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं तथा फरवरी में मुख्य परीक्षाएं प्रस्तावित हैं, लेकिन इसके बावजूद कक्षा 09 से 12 तक की छात्राओं को शिक्षित करने के लिए उच्चीकृत किए गए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालि. का विद्यालय में अब तक प्रधानाचार्य सहित अन्य विषय विशेषज्ञ शिक्षिकाओं की तैनाती नहीं हो सकी है। इसका सीधा असर विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 10 की छात्राओं के परीक्षाफल पर पड़ने की आशंका है। वर्तमान में विद्यालय की स्थिति यह है कि कक्षा 06 से 08 तक की छात्राओं को पढ़ाने के लिए नियुक्त शिक्षिकाओं पर ही उच्चीकृत विद्यालय की कक्षा 09 से 11 तक की छात्राओं को पढ़ाने की जिम्मेदारी है। यह व्यवस्था केवल औपचारिकता बनकर रह गई है, क्योंकि उच्च कक्षाओं के लिए विषयवार शिक्षकों की आवश्यकता होती है। ब्लॉक बनियाखेड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पहले कक्षा 06 से 08 तक की लगभग 100 छात्राएं अध्ययनरत थीं। बाद में शासन द्वारा जिले के ब्लॉक बनियाखेड़ा एवं ब्लॉक रजपुरा के कस्तूरबा विद्यालयों को उच्चीकृत करने की स्वीकृति प्रदान की गई। ब्लॉक रजपुरा में कक्षा 09 से 12 तक की पढ़ाई के लिए नजदीकी इंटर कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्था की गई, जबकि छात्राओं के रहन-सहन एवं खान-पान के लिए छात्रावास का निर्माण कराया गया। वहीं ब्लॉक बनियाखेड़ा के कस्तूरबा विद्यालय में परिसर के भीतर ही अकादमिक ब्लॉक के साथ छात्रावास की व्यवस्था की गई। यहां पिछले वर्ष कक्षा 09 की पढ़ाई प्रारंभ हुई थी और वर्तमान सत्र में कक्षा 10 एवं 11 की छात्राएं अध्ययनरत हैं। उल्लेखनीय है कि उच्चीकृत विद्यालय के संचालन को दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, इसके बावजूद अब तक कक्षा 09 से 12 तक की छात्राओं के लिए किसी भी शिक्षक अथवा प्रधानाचार्य की स्थायी तैनाती नहीं हो सकी है। इस संबंध में बीएसए अलका शर्मा ने बताया कि उच्चीकृत कस्तूरबा विद्यालयों में भर्ती के लिए प्राप्त आवेदनों पर कुछ आपत्तियां आई थीं। आपत्तियों के निस्तारण के बाद शीघ्र ही आवेदकों की काउंसिलिंग कराकर विद्यालयों में तैनाती की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## जायंट्स महिला शक्ति चन्दौसी की 'बाय-बाय' थीम पर उल्लासपूर्ण बैठक

**चन्दौसी।** जायंट्स महिला शक्ति चन्दौसी द्वारा 'बाय-बाय 2025' थीम पर एक भव्य व मनोरंजक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों, हास्य-आनंद से भरपूर गतिविधियों और आत्मीय सहभागिता ने वातावरण को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। इस स्मरणीय आयोजन को सफल बनाने में रितु गोयल, कविता अग्रवाल, रागिनी अग्रवाल, मृदुला अग्रवाल, ऊषा अग्रवाल, पवन अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, प्रतिभा जिंदल, प्रीति अग्रवाल, रानी अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, रेखा रस्तोगी, रेनू कागजी, रेशमा अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा वार्ष्णेय, सीमा गोयल, शैलेश वार्ष्णेय, शशि अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, कल्पनायोजना गुप्ता, सुनीता गोयल, नीना अग्रवाल एवं मीना अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

# टीएमयू को इंस्टीटयूशन ऑफ हैप्पीनेस अवार्ड

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति सुरेश जैन बोले, इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस अवार्ड टीएमयू की शैक्षणिक उत्कृष्टता और स्टुडेंट्स वेलफेयर के प्रति हमारे संकल्प का प्रतिफल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में एक और प्रतिष्ठित अवार्ड आया है। क्यूएस आई-गेज की ओर से टीएमयू को इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस-आईओएच अवार्ड-2025-26 से नवाजा गया है। टीएमयू को यह अवार्ड सकारात्मक, समावेशी और कल्याण उन्मुख शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए मिला है। इस वर्ष आईओएच की थीम वन कैंपस, मैनी स्माइल्स: सेलिब्रेटिंग एवरी वाइस इन वैल-बिंग रही। टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कहते हैं, इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस अवार्ड टीएमयू की शैक्षणिक उत्कृष्टता और स्टुडेंट्स वेलफेयर के प्रति हमारे संकल्प का प्रतिफल है। जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन का मानना है, क्यूएस आई-गेज इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस अवार्ड की प्राप्ति के बाद अब तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के लिए अंतर्राष्ट्रीय नामांकन के लिए द्वार खुल गए हैं। कुलाधिपति श्री जैन कहते हैं, यह आईओएच अवार्ड टीएमयू के शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण का प्रमाण है। यह अवार्ड बताता है, टीएमयू मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत विकास, सहयोग और अपनेपन की भावना को महत्व देता है। वीसी प्रो. वीके जैन कहते हैं, क्यूएस आई-गेज इंस्टीट्यूशन ऑफ हैप्पीनेस अवार्ड के तहत स्टेक होल्डर्स के संग-संग स्टुडेंट्स, फैकल्टीज और एल्युमिनाई की प्रतिक्रियाओं का बारीकी से विश्लेषण किया जाता है। इसमें कैंपस में भावनात्मक कल्याण, संतुष्टि और खुशी के संग-संग शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ाने के लिए यूनिवर्सिटी के प्रयासों का मूल्यांकन भी किया जाता है। दिल्ली में आयोजित समारोह में क्यूएस आई-गेज के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री रविन नायर से यह अवार्ड टीएमयू आईक्यूएसी के डायरेक्टर प्रो. नीशीथ मिश्रा ने प्राप्त किया।




### बाल विवाह व बाल अपराध रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

**चन्दौसी।** जनपद सम्भल में बाल अपराधों की रोकथाम तथा बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रयत्न संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर बाल अपराध मुक्त भारत एवं बाल अपराध मुक्त जनपद सम्भल बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान में स्कूली बच्चों को माध्यम बनाकर समाज में जागरूकता फैलाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के निर्देशन में गुरुवार को असलमपुर लहरा कमगर स्थित उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर फील्ड कोऑर्डिनेटर सिराज अहमद, विद्यालय इंचार्ज निजामुद्दीन, मुसर्रत जहां, शाहरुख, अकीउल्लाह खां, सपना, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आवा देवी, नीरू, सरला देवी, मुमताज बेगम, सुनीता देवी, मरियम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 19 दिसम्बर 2025

# जी राम जी बिल पारित

हालिया विरोध के बावजूद आखिर सरकार लोकसभा में भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी विधेयक 2025 लोकसभा में पारित करने में सफल हो गई। इस विधेयक को मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने इस बिल के पक्ष में संसद में उम्मीद जताई है कि यह विधेयक महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम करेगा। यह विधेयक गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श समाज की स्थापना करेगा। शिवराज सिंह चौहान के अनुसार कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। इस विधेयक पर लोकसभा में मध्य रात्रि तक बहस चली। जहां सत्ता पक्ष इस विधेयक के फायदे गिना रहा है, वहीं कांग्रेस व अन्य उसके सहयोगी विपक्षी दल उसका जमकर विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी ने जमकर इस बिल का विरोध किया और कहा कि यह संशोधन विधेयक 2025 गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा, क्योंकि उनकी नजर में इसका बोझ राज्यों पर पड़ने वाला है। इसलिए यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि मनरेगा में जहां एक वर्ष में सौ दिनों की काम की गारंटी दी गई थी, इस विधेयक में 125 दिनों की गारंटी दी गई है, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं मानती। प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सौ दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है और इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के अनुसार योजना देश के गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालात में साथ देती थी। भले ही मनरेगा को खत्म कर दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस के रूप से लगता है कि वह इस मुद्दे को ऐसे नहीं छोड़ने वाली और इसे लेकर दूर तक जाने वाली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा भी कि यह मनरेगा का केवल नाम बदलने का मामला नहीं है बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार योजना की योजनाबद्ध हत्या है और नए विधेयक के जरिये भाजपा सरकार उस अधिकार को छीन रही है जो कांग्रेस ने दिया था। यह काम के अधिकार को छीनने की जरूरत है। यह बड़ा मुद्दा है और पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग व गरीबों के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस मनरेगा को लेकर हर राज्य और जिले में लड़ेगी, सरकार की भले ही इसके पीछे कुछ भी मंशा रही हो और मनरेगा में सरकार को खामियां ही खामियां नजर आ रही हों, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि इस योजना के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूरों को लाभ पहुंचा है। खामियां हर योजना में होती हैं, अच्छा होता कि सरकार सबको साथ लेकर आगे बढ़ती।

## मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है योगी सरकार



योगी सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है, भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है, एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है, सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है, खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी, धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है, कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बॉन्डी बीच हमले पर दिखी एक साधारण इंसान की वीरता






हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुआ आतंकी हमला पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। 14 दिसंबर 2025 को हनुक्का उत्सव के दौरान यह दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए। आतंकवादी साजिद अक्रम और उनके बेटे नवेद अक्रम थे, जो इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित थे। यह हमला न केवल यहूदियों पर लक्षित था, बल्कि मानवता पर एक बड़ा आघात था। ऐसे में जब चारों तरफ अफरा-तफरी और डर का माहौल था, एक साधारण इंसान ने जो साहस दिखाया, वह न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि हमें यह सिखाता है कि संकट की घड़ी में आम आदमी भी असाधारण बहादुरी दिखा सकता है। एक साधारण नागरिक, अहमद अल-अहमद ने जो साहस दिखाया, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। जब चारों तरफ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे, उस वक्त अहमद ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने एक हमलावर की ओर दौड़ लगाई, उससे बंदूक छीनी और उसे निरस्त्र कर दिया। इस संघर्ष में अहमद खुद घायल हो गए, लेकिन उनकी इस बहादुरी से अनगिनत जानें बच गईं। वीडियो फुटेज में साफ दिखता है कि कैसे एक आम इंसान ने मौत को आंखों में झांककर आतंकवादी का मुकाबला किया। अहमद अल-अहमद कोई प्रशिक्षित सैनिक नहीं हैं और न ही कोई पुलिस अधिकारी हैं। 43 वर्षीय अहमद एक सीरिया मूल के मुस्लिम हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में फल बेचने का साधारण काम करते हैं। लेकिन, जब संकट आया तो उन्होंने सोचा नहीं, बस आगे बढ़ गए। यह वीरता हमें याद दिलाती है कि साहस दिल में होता है, पद या हथियार में नहीं। आज की दुनिया में जहां आतंकवाद जैसे खतरे बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे उदाहरण दुर्लभ लेकिन बेहद जरूरी हैं। अहमद की यह बहादुरी न केवल बॉन्डी बीच के पीड़ितों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा बन गई है। अहमद की यह वीरता इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था और अहमद खुद एक मुस्लिम हैं।

उन्होंने साबित कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह घृणा और हिंसा की विच. ारधारा है, जो किसी भी समुदाय को निशाना बना सकती है, लेकिन साहस और मानवता की भावना हर धर्म और समुदाय में मौजूद है। अहमद ने न केवल यहूदियों की जान बचाई, बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय को एक संदेश दिया कि सच्चा धर्म सेवा और सुरक्षा में है, न कि हिंसा में। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री और पुलिस ने उन्हें श्हीरोश करार दिया है।


अस्पताल में भर्ती अहमद ने कहा कि वे फिर से वही करेंगे, क्योंकि उन्होंने निर्दोषों को मरते देखा और चुप नहीं रह सके। दुनिया भर के नेताओं ने उनकी प्रशंसा की और 'गोफंडमी' जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके लिए सहायता राशि जुटाई जा रही है। यह सम्मान उन्हें इसलिए मिला क्योंकि उन्होंने साबित किया कि एक साधारण व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। आतंकवाद आज वैश्विक समस्या है। भारत हो या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस हो या अमेरिका . कहीं न कहीं नफरत की यह आग भड़कती रहती है। ऐसे में सरकारें, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अपना काम करती हैं, लेकिन कभी-कभी स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ती है कि आम नागरिक को ही आगे आना पड़ता है। बॉन्डी बीच की घटना हमें यही सिखाती है। अगर हम डरकर चुप रहें, भागें या नजर फेर लें, तो आतंकवादी अपने मकसद में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन अगर एक व्यक्ति भी खड़ा हो जाए, तो पूरी स्थिति बदल सकती है।

अहमद ने यही किया। उनकी वीरता ने न केवल हमलावर को रोका बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित किया कि संकट में एकजुट होकर मुकाबला करें। भारत जैसे देश में, जहां हम आए दिन आतंकी खतरों का सामना करते हैं, अहमद की यह कहानी विशेष रूप से प्रासंगिक है। याद कीजिए 26/11 के मुंबई हमलों में ताज होटल के कर्मचारियों ने कैसे जान जोखिम में डालकर मेहमानों को बचाया था। यानी आम नागरिकों की बहादुरी भी कम नहीं। बॉन्डी बीच की घटना हमें बताती है कि साहस कोई जन्मजात गुण नहीं, बल्कि परिस्थिति में लिया गया निर्णय है। हमें अपने बच्चों को यही सिखाना चाहिए . कि गलत के खिलाफ खड़ा होना जरूरी है, चाहे परिणाम कुछ भी हो। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और आराम की जिंदगी में डूबी है। ऐसे में अहमद जैसे उदाहरण उन्हें जगाते हैं। वे दिखाते हैं कि हीरो फिल्मों में नहीं, असल जिंदगी में पैदा होते हैं। एक साधारण इंसान, जब फैसला लेता है कि अब बस बहुत हुआ, तो वह असाधारण बन जाता है। अहमद की कहानी हमें यह भी सिखाती है कि विविधता में एकता ही हमारी ताकत है। ऑस्ट्रेलिया एक बहुसांस्कृतिक देश है, ठीक भारत की तरह। वहां मुस्लिम नागरिक ने यहूदी समुदाय को बचाया . यह संदेश दुनिया भर में फैलना चाहिए कि नफरत की विचारधारा को हराने के लिए हमें सीमाओं से ऊपर उठना होगा। सरकारों को भी इस घटना से सबक लेना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में बंदूक कानूनों को और सख्त करने की बात हो रही है। भारत में भी आतंकवाद विरोधी नीतियों को मजबूत करना जरूरी है। लेकिन साथ ही, नागरिकों में जागरूकता और साहस का संचार भी आवश्यक है।

स्कूलों में, सामुदायिक कार्यक्रमों में ऐसी कहानियां सुनाई जानी चाहिए जो लोगों को प्रेरित करें। अहमद अल-अहमद की वीरता को दुनिया भर में सम्मानित किया जाना चाहिए, जैसे कि कोई पुरस्कार या कोई स्मारक। क्योंकि ऐसे लोग समाज के असली रक्षक होते हैं। बॉन्डी बीच हमला दर्दनाक है, लेकिन अहमद की बहादुरी इसे उम्मीद की कहानी बना देती है। यह हमें याद दिलाती है कि अंधेरे में भी प्रकाश होता है, बशर्ते हम दिया जलाने की पहल करें। हर आम इंसान में एक हीरो छिपा है। जब कभी संकट आए, तो डरें नहीं, आगे बढ़ें। अहमद की तरह साहस दिखाएं। यही हमारी जीत होगी, केवल आतंकवाद पर नहीं, बल्कि मानवता की जीत।

# प्राचीन सौर तूफान से तबाही के चिन्ह

**सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवे. शित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।**



लगभग 14,300 साल पहले फ्रांस स्थित चीड़ के जंगल में एक असाधारण घटना घटी थी, जिसके निशान हाल ही में उजागर हुए हैं। मियाके इवेंट नामक इस घटना में सौर कणों की इतनी शक्तिशाली बमबारी हुई थी कि ऐसी घटना यदि आज हुई होती तो इससे संचार उपग्रह तो नष्ट होते ही, साथ में दुनिया भर की बिजली ग्रिड को भी गंभीर नुकसान हुआ होता। यह दिलचस्प जानकारी पेरिस स्थित कॉलेज डी फ्रांस के जलवायु विज्ञानी एडुआर्ड बार्ड के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन से मिली है। उन्होंने फ्रांस के आल्प्स जंगलों में नदी के किनारे दबे पेड़ों के वलयों की जांच करके यह जानकारी दी है। ऐसा माना जाता है कि मियाके घटनाएं सूर्य द्वारा उत्सर्जित उच्च-ऊर्जा प्रोटॉन्स के परिणामस्वरूप होती हैं, क्योंकि आधुनिक समय में अभी तक ऐसी कोई भी घटना नहीं देखी गई है इसलिए वैज्ञानिक इस रहस्य को जानने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवेशित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।

विशेषज्ञों के अनुसार आखिरी ग्लेशियल मैक्सिमम के अंत में बर्फ की चादरों के पिघलने से नदियों का बहाव तेज हो गया। बहाव के साथ आने वाली तलछट के नीचे ऑक्सीजन विहीन पर्यावरण में पेड़ों के तने संरक्षित रहे। ये पेड़ आज भी सीधे खड़े हैं। 172 पेड़ों से लिए गए कार्बन-14 नमूनों का अध्ययन करने पर 14,300 साल पहले कार्बन-14 की अतिरिक्त मात्रा का पता चला। समय की सही गणना के लिए शोधकर्ताओं ने सौर गतिविधि के एक अन्य संकेतक-बर्फीली कोर में बेरीलियम-10 - अध्ययन किया और पाया कि कार्बन-14 और बेरीलियम-10 दोनों में वृद्धि एक ही समय दर्ज हुई हैं, जो अभूतपूर्व सौर गतिविधि का संकेत है।

फिलॉसॉफिकल ट्रांजेक्शन्स ऑफ रॉयल सोसायटी-ए में प्रकाशित यह खोज इसलिए दिलचस्प मानी जा रही है कि यह घटना अपेक्षाकृत शांत सौर हलचल के दौरान हुई। अनुमान है कि सूर्य की सतह के नीचे चुंबकीय क्षेत्र बनकर सौर तूफान के रूप में फूट गया होगा। वैज्ञानिक सौर तूफानों की आवृत्ति और उसके नतीजों को बेहतर समझने का प्रयास कर रहे हैं। आज प्रौद्योगिकी पर हमारी अत्यधिक निर्भरता के कारण इनके परिणाम घातक हो सकते हैं। संचार, पॉवर ग्रिड और जीपीएस पर निर्भर वित्तीय बाजार अधिक प्रभावित होंगे।

**स्रोत फीचर्स**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊर्ध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**



प्रयागराज। वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता।

## चीन ने हैनान के मुख्य बंदरगाह द्वीप पर शुरू किए विशेष कस्टम अभियान

**बीजिंग।** चीन ने हैनान के मुक्त व्यापार बंदरगाह (एफटीपी) पर विशेष सीमा शुल्क अभियान शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशी सामानों का आसान प्रवेश, बिना शुल्क दिए व्यापार और उसके अधिक अनुकूल उपायों लागू करना है। इस कदम को दुनियाभर में बढ़ते संरक्षणंवाद के समय में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और खुलेपन का विस्तार करने के चीन के चल रहे प्रयासों के तहत एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत 30000 वर्ग किमी से अधिक के इस द्वीप को एक विशेष कस्टम निगरानी क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले पर हमें बेवजह बदनाम किया: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि आस्ट्रेलिया में आतंकी हमले को लेकर उन्हें बेवजह बदनाम किया गया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इसे भारत-इजरायल जैसे दुश्मन देशों की साजिश बताया। मीडिया ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हमलावर को पाकिस्तान से जोड़ने का मकसद देश की छवि को खराब करना था। उन्होंने कहा कि बिना किसी सबूत और दस्तावेज के पाकिस्तान पर आरा.प लगाए गए। तरार ने आरोप लगाया कि इस झूठी खबर को खासतौर पर भारत और इजरायल में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए फैलाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि झूठी खबरों से पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ।

# लंदन में मिले भारत के दो भगोड़े

## देश से फरार कारोबारी ललित मोदी ने ऐसे मनाया विजय माल्या का 70वां जन्मदिन

**लंदन।** देश से फरार कारोबारी ललित मोदी और विजय माल्या एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है लंदन में हुई एक भव्य पार्टी, जिसमें ललित मोदी ने अपने दोस्त माल्या के 70वें जन्मदिन से पहले खास आयोजन किया।

भारत में जिन दोनों पर करोड़ों रुपये के घोटाले और कर्ज न चुकाने के आरोप हैं, वे विदेश में खुलकर जश्न मनाते नजर आए। पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने यह प्री-बर्थडे पार्टी अपने लंदन स्थित आल.िशान घर में रखी। विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था। 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी। पार्टी की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर



■ विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था, 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी

जिम राइडेल ने सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने ललित मोदी और विजय माल्या की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि ललित ने अपने सुंदर घर में विजय माल्या के लिए शानदार प्री-70वां बर्थडे पार्टी रखी। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ललित मोदी ने लिखा कि सभी मेहमानों का धन्यवाद, जिन्होंने उनके घर आकर उनके दोस्त विजय माल्या का जन्मदिन मनाया। इसके बाद विजय माल्या ने भी इस पोस्ट को रीट्वीट किया। इस पार्टी में मशहूर बिजने.सवुमन और बायोकान की संस्थापक किरण मजूमदार-शा भी मौजूद रहीं। इसके अलावा हालीवुड अभिनेता इद्रिस एल्बा और फेमस फैशन डिजाइनर मनोवीराज खोसला भी पार्टी में नजर आए। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में किरण मजूमदार-शा को कभी मनोव.ीराज खोसला के साथ खड़े देखा गया तो कभी वह इद्रिस एल्बा से बातचीत करती दिखीं। जिम राइडेल ने इंस्टाग्राम पर पार्टी का इनविटेशन कार्ड भी साझा किया। इस कार्ड में लिखा था कि रीमा और ललित अपने प्रिय मित्र विजय माल्या के सम्मान में एक ग्लैमरस शाम का आयोजन कर रहे हैं। कार्ड में विजय माल्या को 'किंग आफ गुड टाइम्स' कहा गया था। यह पहली बार नहीं है जब ललित मोदी और विजय माल्या साथ दिखे हों। इससे पहले 29 नवम्बर को ललित मोदी ने लंदन में अपना 63वां जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया था। यह पार्टी लंदन के मैफेयर इलाके के मशहूर मैडाक्स क्लब में आयोजित की गई थी। उस पार्टी में भी विजय माल्या शामिल हुए थे।

# भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता

## आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत, खाड़ी क्षेत्र में भारतीय उत्पादों के लिए खुला रास्ता

**मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं**

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान ने आज अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।

व्यापारिक नजरिये से देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डालर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डालर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा। ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डालर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्रा 5.31 प्रतिशत है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा। मोड 4 यानी पेश.ेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कारपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है। भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफ: आईटी, बिजनेस सर्विसेज, आडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कर सकेंगी। शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, काफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें (इनस.सपवद) और स्क्रैप धातु जैसे संवे.दनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा (टीआरआईक्यू) उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों। ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। ब्रिटेन के बाद पिछले 6 महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर 'सामाजिक सुरक्षा समन्वय' पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

## पीएम मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान

**मस्कट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। ओमान ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें 'आर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया है। राजधानी मस्कट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। पीएम मोदी अभी ओमान के दौरे पर है, जो उनके तीन देशों के दौरे का अंतिम पड़ाव है, वे आज ही ओमान से वापस स्वदेश लौटेंगे। वे 15 से 18 दिसम्बर के बीच जार्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर गए थे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया ने भी 'ग्रेट आनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया था। यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डा. अबी अहमद अली ने उन्हें दिया था। बता दें कि पीएम मोदी इस सम्मान को पाने



■ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मिला 'आर्डर ऑफ ओमान'

वाले दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है।


## भारत और नीदरलैंड रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और सहयोग बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्येगिकी तथा उद्योग के क्षेत्रा में सहयोग बढाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्राों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद थे। सिंह ने यहां वैन के साथ वार्ता की और दोनों देशों के बीच मजबूत तथा बढ़ती रक्षा साझेदारी की पुष्टि की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्राों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रणनी.तिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य-से-सैन्य सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बातचीत के दौरान भारत और नीदरलैंड ने स्वतंत्रा, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्रा के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मंत्रियों ने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को खासकर विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्रा में जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड की राजदूत सुमारिसा गेराड्र्स ने रक्षा सहयोग पर आशय पत्रा का आदान-प्रदान किया ।

## दिल्ली से मुंबई तक भारत हार नहीं भूलेगा: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया।

शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का पाकिस्तान पर गलत इल्जाम लगाया है। इसके बाद उन्होंने हम पर सैन्य कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। ये आतंकी पाकिस्तान से जुड़े थे। 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने टूरिस्ट्स पर गोली चलाई थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। शहबाज इससे पहले भी ऐसी बयानबाजी कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने सितम्बर में भारत के 7 विमान



■ पाकिस्तानी पीएम ने कहा: मोदी सरकार को सबक सिखाया, 6 लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया

गिराने का दावा किया था। उन्होंने यूएन में दिए गए भाषण में भारत पर पाकिस्तान की जीत का दावा किया था। शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत का कटरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ।

## वेनेजुएला के साथ जंग की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ब्राडकास्टर टकर कार्लसन ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला के साथ युद्ध की घोषणा कर सकते हैं। टकर कार्लसन ने यह बात अपने आनलाइन शो 'जजिंग फ्रीडम' में कही। उनके मुता.बिक, एक अमेरिकी सांसद ने उन्हें बताया कि सांसदों को ट्रम्प के संबोधन से पहले एक बंद कमरे में ब्रीफिंग दी गई थी।

**■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: वेनेजुएला ने हमारी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था, चुराई संपति वापस करे**

**■ वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था**

इस ब्रीफिंग में कहा गया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सैन्य टकराव की स्थिति बन सकती है और राष्ट्रपति इसे भाषण में सार्वजनिक कर सकते हैं। यह दावा ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला ने 1976 में अमेरिकी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था और उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली थी। ट्रम्प ने वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाते हुए प्रतिबंधित तेल टैंकरों के वेनेजुएला आने-जाने पर पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया है। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर लिखा कि वेनेजुएला दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी नौसेना घेराबंदी से घिरा हुआ है। यह घेराबंदी और बढ़ेगी, जब तक कि वेनेजुएला अमेरिका से चुराए गए तेल, जमीन और दूसरी संपत्तियों को वापस नहीं लौटाता। ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। दरअसल, 1976 में वेनेजुएला की सरकार ने (राष्ट्रपति कार्लोस आंद्रेस पेरेज के समय) पूरे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसका मतलब था कि विदेशी तेल कंपनियां (ज्यादातर अमेरिकी, जैसे एक्सान, गल्फ आयल, मो.बिल आदि) जो दशकों से वहां तेल निकाल रही थीं, उनके सभी आपरेशंस और संपत्तियां वेनेजुएला की नई सरकारी कंपनी पेट्रोलियोस डे वेनेजुएला (पीडीवीएसए) के पास चली गईं।

## इजरायल, मिस्र के बीच ऐतिहासिक गैस निर्यात समझौता

**काहिरा।** इजरायल ने मिस्र के साथ देश के इतिहास का सबसे बड़ा गैस निर्यात समझौता किया है, जिसकी कीमत 112 बिलियन शेकेल (34.6 बिलियन डॉलर) है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल के प्रिय नागरिकों, आज मैंने इजरायल के इतिहास के सबसे बड़े गैस सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदे 112 बिलियन शेकेल का है। इसमें से 58 बिलियन शेकेल (17.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सरकारी खजाने में जाएंगे। अमे.रिकी कंपनी शेवरॉन के साथ हुए इस सौदे में इजरायली भागीदार भी शामिल हैं और वे मिस्र को गैस की आपूर्ति करेंगे।

## हिजाब विवाद पर पाकिस्तान का आया बयान

### इस्लामाबाद ने भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया

**इस्लामाबाद।** भारतीय राज्य बिहार में मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार से जुड़े एक विवादित वीडियो को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब कथित तौर पर जबरन हटाने की घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान ने इसे भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया है।


पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गुरुवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एक वरिष्ठ राजनी.तिक नेता द्वारा सार्वजनिक मंच पर एक मुस्लिम महिला का हिजाब जबरन हटाना और फिर उसका मज़ाक उड़ाया जाना बेहद चिंता.जनक है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पत्राकारों से बात करते हुए कहा: इस तरह की घटनाएं भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुस्लिम समुदाय के साथ हो रहे



■ यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ

दुर्व्यवहार को दर्शाती हैं। पाकिस्तान ने भारत सरकार से अपील की कि वह इस घटना की गंभीरता को समझे, अल्पसंख्यकों के अधिक.ारों की रक्षा करे, धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करे और मानवीय गरिमा को सुरक्षित रखे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब हटाते नजर आ रहे हैं। यह घटना 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक नियुक्ति पत्रा वितरण समारोह के दौरान हुई, जहां डाक्टरों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम की तस्वीरें अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं, लेकिन जिस महिला डाक्टर का हिजाब हटाने का आरोप है, उसकी तस्वीरें पोस्ट में शामिल नहीं हैं। वीडियो सामने आने के बाद देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। घटना के बाद विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने मुख्यमंत्री के व्यवहार को असंवेदनशील और अपमानजनक बताया। कई लोगों का कहना है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे नेता से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती, खासकर जब मामला धार्मिक आस्था और व्यक्तिगत सम्मान से जुड़ा हो।




# 'टैरिफ' मेरा फेवरेट अंग्रेजी शब्द: ट्रम्प

## कहा: इससे 8 जंग रुकवाई, अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि टैरिफ अंग्रेजी का उनका फेवरेट शब्द है। ट्रम्प ने दावा किया कि इसकी मदद से उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 महीनों में दुनिया भर में 8 युद्धों को रोका। ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के 11 महीने पूरे होने पर व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता छोड़ते समय उन्हें एक बड़ा संकट सौंपा था।

ट्रम्प ने अमेरिका में महंगाई के मुद्दे को नजर.अंदाज करते हुए जोर दिया कि कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रम्प के भाषण की आलोचना की है। सांसद



■ विपक्ष बोला: राष्ट्रपति सिर्फ 'मैं' 'मैं' करते हैं

क्रिस वैन होलेन ने कहा कि आज रात ट्रम्प ने कितने झूठ बोले, इसका हिसाब रखना तो मुश्किल है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रम्प पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राष्ट्रपति के भाषण में सिर्फ एक शब्द सुनाई दिया, मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अब दुनिया अमेरिका का मजाक नहीं उड़ाती, बल्कि उसका सम्मान करती है। ट्रम्प ने आगे कहा कि हमारा राष्ट्र मजबूत है। अमेरिका का सम्मान है, और हमारा देश पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा है। हम एक ऐसे आर्थिक उछाल के लिए तैयार हैं जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रम्प ने अपने भाषण में महंगाई और जीवन यापन पर ज्यादा बात नहीं की। हालांकि उन्होंने कहा कि किराने का सामान, कारें और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे आ रही हैं। अपनी खास नीतियों से बढ़ी महंगाई को वे ठीक कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ऊर्जा और भोजन की कीमतें अब नियंत्राण में आ रही हैं। हालांकि, आधिका.रिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भोजन और ऊर्जा की कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं। ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को भी कीमतें बढ़ाने का एक कारण बताया जा रहा है, हालांकि वे इन्हें देश के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत बताते हैं।

## कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष में अब तक 18 नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर जारी झड़पों के बीच कंबोडिया में नागरिकों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 18 हो गया है। कंबोडिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता टच सोखक ने गुरुवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार शाम 6 बजे तक संघर्ष में मारे गए कंबोडियाई नागरिकों की कुल संख्या 18 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। सोखक ने कहा कि विस्थापित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 144066 परिवारों तक पहुंच गई है, जिसमें 476179 व्यक्ति शामिल हैं। इनमें 240000 से अधिक महिलाएं और लगभग 130000 बच्चे शामिल हैं।